PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 204 ● भिलाई, बुधवार 18 फरवरी 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### सात अफसर निलंबित, एसआईआर के काम में गड़बड़ी के आरोप

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे सात अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गंभीर कदाचार के आरोपों के चलते यह कार्रवाई की गई। आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। निलंबित सभी अधिकारी स्क्रू प्रक्रिया में सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। आमतौर पर बूथ स्तर के अधिकारी और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी राज्य सरकार के कर्मचारी होते हैं, जिन्हें मतदाता सूची के अद्यतन और चुनावी कार्यों के लिए आयोग में प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया जाता है। आयोग के आदेश के अनुसार, मुख्य सचिव को निर्देश दिया गया है कि संबंधित अधिकारियों के कैडर नियंत्रक प्राधिकरणों के माध्यम से बिना किसी देरी के विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए।

### प्यार के लिए पार की हर दीवार, मिस्बा बनी 'मनीषा'; मुस्लिम से हिंदू धर्म अपनाकर दिया प्रार्थना पत्र

**अलीगढ़।** कहते हैं कि सच्ची मोहब्बत न तो कोई जाति देखती है और न ही धर्म की दीवारें उसे रोक पाती हैं। प्यार करने वाले अक्सर सामाजिक और पारिवारिक बेड़ियों को पार कर एक नई राह चुन लेते हैं। ऐसा ही एक दिलचस्प मामला उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से सामने आया है। यहां पंजाब के लुधियाना की रहने वाली एक मुस्लिम युवती ने अलीगढ़ के एक हिंदू युवक के प्यार में स्वेच्छा से अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है। मिस्बा अहमद नाम की यह युवती अब हिंदू धर्म अपनाकर 'मनीषा' बन गई है। खास बात यह है कि यह मामला अलीगढ़ जिले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत आधिकारिक तौर पर दर्ज किया गया पहला केस है। जानकारी के अनुसार, पंजाब के लुधियाना स्थित आजाद नगर (खन्ना) की रहने वाली मिस्बा अहमद ने अलीगढ़ प्रशासन को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। इस रजिस्टर्ड प्रार्थना पत्र में उसने स्वेच्छा से मुस्लिम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपनाने की जानकारी दी है।


### मौसम एक बार फिर बदलेगा मिजाज, 17 को बारिश की संभावना

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। मौसम विभाग के 7 दिन के पूर्वानुमान के अनुसार 17 फरवरी को आसमान में सामान्य से अधिक बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। पूर्वानुमान के मुताबिक, 16 फरवरी को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है तथा मौसम मुख्य रूप से साफ रहेगा।

### मैक्रों से मुलाकात कर पीएम मोदी बोले

# प्रधानमंत्री बोले एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा भारत..

मुंबई/ एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहां दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी ने कहा, मुझे अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों का मुंबई में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमने मिलकर भारत-फ्रांस संबंधों को नई मजबूती और नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। आज हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन का उद्घाटन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा हेलीकॉप्टर है जो माउंट एवरेस्ट तक उड़ चुका है, और अब इसका निर्माण भारत में होगा। मोदी ने आगे कहा कि भारत-फ्रांस पार्टनरशिप सिर्फ रणनीतिक नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता (स्टैबिलिटी) और प्रगतिशील सहयोग (ग्लोबल प्रोग्रेसिव पार्टनरशिप) का प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि 2026 भारत और यूरोप के संबंधों में एक टर्निंग पॉइंट साबित हो रहा है। कुछ दिन पहले ही भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच इतिहास का सबसे बड़ा ट्रेड डील हुआ है, जो फ्रांस के साथ हमारे रिश्तों को भी और मजबूत करेगा। इससे पहले, राष्ट्रपति मैक्रों ने मुंबई पहुंचने पर बॉलीवुड की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की। उन्होंने अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी, शबाना आजमी, ऋचा चड्ढा, ज़ोया अख्तर, नीतेज घायवान और ग्रैमी विजेता संगीतकार रिकी केज जैसे सेलिब्रिटीज से मिलकर भारतीय सिनेमा के 'लीजेंड्स' की तारीफ की। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर करते हुए लिखा, भारतीय सिनेमा के लीजेंड्स के साथ... संस्कृति हमें एकजुट करती है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस लोक भवन में डेलीगेशन-लेवल वार्ता और असेंबली लाइन के वर्चुअल उद्घाटन के बाद हुई, जो भारत-फ्रांस रक्षा, एयरोस्पेस, इनोवेशन और एआई सहयोग को नई दिशा दे रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और इसी विश्वास के आधार पर फ्रांस अपनी उन्नत तकनीक भारत के साथ साझा कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सहयोग रक्षा, एयरोस्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लीन एनर्जी जैसे रणनीतिक क्षेत्रों तक फैला है। मैक्रों ने कहा, हम भारत पर भरोसा करते हैं। हमारी साझेदारी रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित है, जहां दोनों देश स्वतंत्र रूप से अपने फैसले लेते हैं और किसी बाहरी दबाव में नहीं आते। उन्होंने बताया कि फ्रांस की नीति हमेशा रणनीतिक स्वायत्तता पर केंद्रित रही है। भारत के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, जॉइंट प्रोडक्शन और इनोवेशन इसी सिद्धांत के तहत आगे बढ़ रहे हैं। हाल ही में हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन और अन्य रक्षा परियोजनाएं इस गहरे भरोसे और दीर्घकालिक सहयोग का उदाहरण हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत के अपने चौथे आधिकारिक दौरे पर मुंबई में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

### पीएम मोदी ने कहा भारत और फ्रांस दोनों प्राचीन और समृद्ध सभ्यताएं

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों प्राचीन और समृद्ध सभ्यताएं हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को बहुत महत्व दिया जाता है। भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि अब भारत और फ्रांस नेशनल मरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स, लोथल पर सहयोग करेंगे, और पहले ही ज्वेल म्यूजियम पर साथ काम किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय संस्कृति को फ्रांस के लोगों के करीब लाने के लिए जल्द ही स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर फ्रांस में खोला जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का भारत-फ्रांस साझेदारी के प्रति गहरा समर्पण है और आज दोनों देशों ने अपने रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू किया है।*

### भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध विशेष और अद्वितीय हैं-राष्ट्रपति मैक्रों

*पीएम मोदी के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने संबोधन में सबसे पहले भारत में अपने चौथे औपचारिक दौरे के दौरान गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध विशेष और अद्वितीय हैं, जो विश्वास, पारदर्शिता और महत्वाकांक्षा पर आधारित हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत फ्रांस की साझेदारी एक फोर्स फॉर ग्लोबल स्टैबिलिटी है। हम बहुपक्षीय डायलॉग पर जोर देना जारी रखेंगे। हम एकमत हैं कि वैश्विक संस्थानों के सुधारों से ही वैश्विक चुनौतियों का समाधान निकलेगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, पश्चिमी एशिया या वैश्विक दक्षिण हम हर समस्या के खात्मे के लिए साथ काम करते रहेंगे।*

### चारा घोटाला केस

# सीबीआई ने लालू यादव की जमानत को बताया अवैध....

नई दिल्ली/ एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने चारा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को मिली जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील पर आज सुनवाई की। सीबीआई की तरफ से दलील दी गई कि सजा निलंबित करने में कानून का गलत इस्तेमाल किया गया है। चूंकि जमानत का आदेश त्रुटिपूर्ण है, उन्हें राहत नहीं मिलनी चाहिए। माननीय अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अगली सुनवाई अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी है। यह देवघर कोषाधार से जुड़ा चर्चित चारा घोटाला है। झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी लालू प्रसाद यादव को जमानत दी थी। सीबीआई ने झारखंड हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील रखी कि सजा निलंबित करने में कानून का गलत इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि यह जमानत सजा के बाद दी गई है, इसलिए यह आदेश कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण है। उधर, लालू प्रसाद यादव की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने सीबीआई की कई दलीलों का विरोध किया। कहा कि इस मामले में कई आरोपी हैं, लेकिन अभी तक कुछ को नोटिस भी जारी नहीं हुआ है। वहीं कुछ ने अपील कर जवाब दाखिल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर अनावश्यक जल्दबाजी की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि कानून के प्रश्नों से सभी पक्ष अच्छी तरह से अवगत हैं। अपील के अंतिम निपटारे के लिए तारीख तय की जा सकती है।

### रामविलास को बेचारा कहने पर भड़के लोजपा (आर) के कार्यकर्ता, तेजस्वी यादव का पुतला फूंका

**पटना।** राजद के एक नेता द्वारा लोजपा के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को बेचारा कहे जाने को लेकर लोजपा (रामविलास) समर्थक गुस्से में हैं। पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने पटना के कारगिल चौक पर जमकर प्रदर्शन किया और राजद नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का पुतला भी जलाया। लोजपा (आर) के नेताओं का आरोप है कि बिहार विधानसभा में राजद के विधायक ने स्वर्गीय रामविलास पासवान का अपमान किया है।

### लीलावती अस्पताल में हुए भर्ती

# सलमान के पिता सलीम खान की बिगड़ी तबीयत



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के पिता और इंडस्ट्री के दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ी है। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की सेहत की जानकारी मिलते ही सलमान खान भी तुरंत ही अस्पताल पहुंचे हैं। पिता सलीम खान की तबियत बिगड़ने की खबर सुनते ही सलमान खान तुरंत लीलावती अस्पताल पहुंचे चुके हैं। हॉस्पिटल से सलमान खान का वीडियो सामने आया है। इसमें सलमान का चेहरा उतरा हुआ नजर आ रहा है और वो काफी चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं। इसके बाद फैंस सलीम खान के स्वास्थ्य को लेकर और भी चिंतित हैं। सलमान खान के चारोंओर भारी सुरक्षा भी दिखाई दे। उन्होंने काले रंग की टी-शर्ट और पैंट पहनी हुई है।

### असम सीएम ने सुनाया 2015 वाला हैरत अंगेज किस्सा

# राहुल गांधी के एक फोन से भाजपाई हुए हिमंत बिस्वा....

नई दिल्ली/ एजेंसी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि 2014 में सोनिया गांधी ने उनसे मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने की तारीख तय करने को कहा था, क्योंकि उनके पास 58 एमएलए का समर्थन था। इसी बीच रू से राहुल गांधी का एक कॉल पार्टी नेताओं तक पहुंचा, जिससे स्थिति पूरी तरह बदल गई। एक तरह से राहुल गांधी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनने से रोक दिया था। मंगलवार को राज्य विधानसभा में कैबिनेट मीटिंग के बाद मीडिया से बात करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि यह उनके लिए बहुत बड़ा झटका था। असल में 2011 के विधानसभा चुनावों के बाद असम कांग्रेस के अंदर तब असंतोष देखा गया था जब विधायकों के एक ग्रुप ने मौजूदा तरुण गोगोई के बजाय हिमंत बिस्व सरमा को मुख्यमंत्री बनाने का समर्थन किया था। इस मामले में मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए हिमंत ने कहा कि उस समय उन्हें सोनिया गांधी का कॉल आया था, जिन्होंने मुझसे मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख तय करने को कहा था। मैंने उनसे कहा कि मैं जून (2014) में कामाख्या मंदिर में अंबुबाची मेले के बाद शपथ लूंगा। हिमंता का दावा है कि राहुल गांधी के फोन करने के बाद हालात बदल गए। उस वक्त मुझे बहुत दु:ख हुआ था और फिर मैंने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का फैसला किया।

### 2016 से प्लानिंग फिर देश में हमलों के लिए बनाया नया आतंकी संगठन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला के बाहर हुए विस्फोट के मामले में जांच एजेंसियों ने बड़े षड्यंत्र का खुलासा करने का दावा किया है। अधिकारियों के अनुसार, तथाकथित 'सफेदपोश' मॉड्यूल से जुड़े कुछ पेशेवरों ने जम्मू-कश्मीर समेत देश के विभिन्न शहरों में आतंकी गतिविधियां फैलाने की साजिश रची थी। जांच में सामने आया है कि इस मॉड्यूल ने 'अंसार इंटरिम' नाम से एक संगठन बनाया था और दिल्ली में हुआ विस्फोट उसी साजिश का हिस्सा बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मॉड्यूल से जुड़े कुछ सदस्य वर्ष 2016 से कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और धीरे-धीरे नेटवर्क तैयार कर रहे थे।

### बारामती विमान हादसा

# अजित पवार की मौत की सीबीआई जांच हो-सुनेत्रा

मुंबई। एजेंसी



महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस दौरान सुनेत्रा पवार समेत सभी एनसीपी के नेताओं ने 28 जनवरी को हुए बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। इस दुर्घटना में अजीत पवार की मौत हो गई थी। वरिष्ठ एनसीपी नेता सुनील तटकरे ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार इस मामले में केंद्र के गृह मंत्रालय से संपर्क करेगी। बता दें कि सुनेत्रा पवार के साथ तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ और अजीत पवार के बड़े बेटे पार्थ पवार भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सीबीआई जांच की मांग वाला पत्र भी सौंपा। एनसीपी नेता अजित पवार और चार अन्य लोगों की 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में हुए प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। इससे पहले एएआईबी ने कहा कि जानलेवा क्रैश में शामिल लियरजेट 45 प्लेन के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए स्पेशल मदद मांगी गई है। इस दौरान तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमें भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करेगी। सरकार ने पहले ही स्वतंत्र एजेंसियों से जांच शुरू कर दी है और कहा है कि वह सीबीआई जांच का आदेश देगी।

### भारत और पाकिस्तान सहित पड़ोसी देशों के कई नेता उपस्थित थे

# तारिक रहमान ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

ढाका/ एजेंसी



तारिक रहमान ने मंगलवार को बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और इसके साथ ही अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद देश की बागडोर संभालने वाली अंतरिम सरकार के 18 महीने के शासन का अंत हो गया। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान (60) को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' में पद की शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और दिवंगत राष्ट्रपति जियाउर रहमान के पुत्र रहमान 17 वर्षों तक स्वनिर्वासन में लंदन में रहने के बाद दो महीने पहले स्वदेश लौटे थे। प्रधानमंत्री के पद पर उनका कार्यकाल पांच वर्षों का होगा। दिन में, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सांसदों ने रहमान को संसदीय दल का नेता चुना। राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने एक समारोह में, मंत्रिमंडल के नये सदस्यों को भी शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भारत और पाकिस्तान सहित पड़ोसी देशों के कई नेता उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी बिरला के साथ थे। बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए 13वें संसदीय चुनावों में बीएनपी ने 297 में से 209 सीटें जीतीं, जबकि कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने 68 सीटें हासिल कीं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। चुनाव परिणाम बीएनपी के लिए एक बड़ा उलटफेर साबित हुआ। पार्टी अवामी लीग के 15 वर्षों के शासनकाल में निशाने पर रही थी। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के कारण अवामी लीग सरकार सत्ता से बेदखल हुई थी। इससे पहले 13वीं जातीय संसद (जेएस) के नवनिर्वाचित सांसदों ने संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का स्थान लिया है, जिनके कार्यकाल में बांग्लादेश और भारत के संबंधों में काफी गिरावट आई। यूनुस ने अगस्त 2024 में अंतरिम सरकार की बागडोर संभाली थी। चुनाव के बाद एक प्रेस वार्ता में रहमान ने राष्ट्रीय हित में राष्ट्रीय एकता और शांति की अपील की तथा आगाह किया कि विभाजनकारी नीतियां लोकतंत्र को कमजोर करेंगी। उन्होंने कहा था कि देश एक नाजुक अर्थव्यवस्था, कमजोर संस्थाओं और बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति का सामना कर रहा है। रहमान ने कहा, हमारे रास्ते और विचार भले ही अलग-अलग हों, लेकिन देश के हित में हमें एकजुट रहना होगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि राष्ट्रीय एकता हमारी सामूहिक शक्ति है, जबकि विभाजन हमारी कमजोरी है। उन्होंने कहा कि नयी सरकार के समक्ष दो प्रमुख चुनौतियां हैं अर्थव्यवस्था को संभालना और सुशासन सुनिश्चित करना।

### ओम बिरला ने नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात: पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। बता दें कि मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की।

CMYK

# तुलसी साहू का आल इंडिया सिविल सर्विसेस हॉकी प्रतियोगिता में चयन छ.ग.टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व





**बेमेतरा।** केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड,नई दिल्ली के तत्वधान में अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस हॉकी(महिला) प्रतियोगिता 2025ङ्क26 का आयोजन 17 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है,इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में बेमेतरा जिला अंतर्गत विकासखण्ड बेरला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव में पदस्थ व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू का चयन हुआ है जहां वे छत्तीसगढ़ राज्य दल का प्रतिनिधित्व करेगी,इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में चयन होने वाली बेमेतरा जिले की एकमात्र शासकीय कर्मचारी खिलाड़ी तुलसी साहू है इससे पहले तुलसी साहू वर्ष 2022 में भोपाल,2023 में भुवनेश्वर(उड़िसा) एवं वर्ष 2024 काकीनाड़ा(आंध्रप्रदेश) में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।

**भोपाल में कांस्य पदक पर किया था कब्जा-**वर्ष 2022 भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस हॉकी प्रतियोगिता में तुलसी साहू ने पूरे टूनामेंट में अपने उम्दा खेल कौशल का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया तृतीय स्थान(कांस्य पदक) के लिए खेले गये मैच में तुलसी साहू ने मध्यप्रदेश टीम के खिलाफ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 04 गोल कर छत्तीसगढ़ को प्रथम बार (महिला) वर्ग में कांस्य पदक जीताने में अहम भूमिका निभाई ।

**सेंटर दिल्ली की टीम में चयन होने वाली जिले की प्रथम कर्मचारी खिलाड़ी-**वर्ष 2024 में दिल्ली में आयोजित 4ह्लद्ध हॉकी इंडिया सीनियर महिला इंटर डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप में सेंटर दिल्ली की टीम से भाग लेकर व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने रचा इतिहास पूरे टूनामेंट में सेंटर दिल्ली की टीम से खेलते हुए अपने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया किया ख्याति प्राप्त इस सीनियर महिला इंटर डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप जैसे बढ़े प्रतियोगिता में भाग लेना प्रदेश व जिले के लिए बड़ी उपलब्धि रही तुलसी साहू बेमेतरा जिले की प्रथम कर्मचारी खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया ।

**काकीनाड़ा(आंध्रप्रदेश) में किया करिश्माई प्रदर्शन-**वर्ष 2024 अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस हॉकी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन आंध्रप्रदेश राज्य के (काकीनाड़ा) में आयोजित हुआ तुलसी साहू ने छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलते हुए अपने चिर परिचित खेल का प्रदर्शन करते हुए मजबूत टीम केरल के खिलाफ शानदार 05 गोल,आंध्रप्रदेश टीम के खिलाफ02 गोल किए साथ ही टीम दिल्ली के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन कर अपने करिश्माई खेल का प्रदर्शन किया इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंग सहित विद्यालय के पूर्व प्राचार्य तीक्ष्ण साहू,हिमाचंल साहू,देवघर देवांगन,श्यामसुंदर साहू,महेश बंधे,भीष्मदेव साहू,संजय बंछोर,हरीश साहू, दौलतराम साहू,विनोद साहू,भूपेन्द्र सिन्हा,भीष्म साहू,डिजिरानी साहू,पूर्णिमा साहू एवं समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं ने बधाई दी एवं उज्वल भविष्य की कमाना ।

# जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आमजन की सुनीं समस्याएं, जनदर्शन में 45 आवेदन प्राप्त हुए



**बेमेतरा।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत बीते सोमवार को कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया। सोमवार को आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चलित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेमेतरा में हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2026 की गोपनीय सामग्री का सुरक्षित वितरण



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 20 फरवरी 2026 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2026 के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण आज दिनांक 16 फरवरी 2026 को शास.बा.उ.मा.वि. बेमेतरा के माध्यम से संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को किया गया। गोपनीय सामग्री को सील बंद पेटियों में तैयार किया गया और सम्पूर्ण पुलिस अभिरक्षा में बसों के माध्यम से संबंधित थानों तक पहुँचाया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों की सील बंद पेटियाँ सुरक्षित रूप से थानों में जमा कर दी गई हैं। परीक्षा समय प्रातः 9.00 बजे से 12.15 बजे तक निर्धारित है। इस वर्ष जिला बेमेतरा में कुल 77 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें कक्षा 10वीं में 12,169 परीक्षार्थी और कक्षा 12वीं में 8,677 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए हैं।गोपनीय सामग्री के वितरण के दौरान श्री जी.आर. चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, श्री एस.पी. कोशले, सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, श्री राजकुमार वर्मा, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, श्री मनमोहन लाल अग्रवाल, प्राचार्य शास.बा.उ.मा.वि. बेमेतरा, श्री चितरेखा ठाकुर, व्याख्याता, श्री राजेन्द्र कुमार साहू, व्याख्याता, श्री गीतेश देवांगन, व्याख्याता, श्री सुनिल कुमार बघेल, श्री डेहर लाल नागेन्द्र, सहायक ग्रेड 02, एवं छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से प्रतिनिधि श्री अमोल रनदीव और दुर्गेश्वर राव मेश्राम उपस्थित रहे। वितरण को सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के परीक्षा कक्ष प्रभारी श्री चेतन दास बंजारे और श्री जितेन्द्र प्रकाश गोयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सुनिश्चित प्रक्रिया से परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता बनी हुई है, जिससे परीक्षा केन्द्रों में सभी परीक्षार्थियों के लिए निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षा वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# हितग्राही के घर पहुंच कर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने किया निर्माणाधीन पीएम आवास का अवलोकन

### कलेक्टर ने आंगनबाड़ी और पीएम आवास के अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

### आंगनबाड़ी के बच्चों का बेहतर ख्याल के साथ बुनियादी शिक्षा पर जोर देने, कलेक्टर के निर्देश



**सारंगढ़-बिलाईगढ।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों सोमवार को का दौरा कर, वहां बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों और प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत देवबोड़ में हितग्राही के घर पहुंच कर, बन रहे पीएम मकान का कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। हितग्राही चंद्रिका मारकंडे ने बताया कि उन्हें दो किश्त राशि मिली है, जिससे निर्माण में मकान का कॉलम की है और ईंट की चुनाई जारी है। पहले वे कच्चे मिट्टी के घर में रहते थे, जहां बरसात के समय काफी परेशानी होती थी और छत से पानी टपकता था। अब पक्का मकान बनने से परिवार को सुरक्षित आवास मिलेगा और जीवन स्तर में सुधार होगा। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर योजनाओं के वास्तविक हितग्राही को लाभ की जानकारी ली। कलेक्टर ने पंचायत और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्माण कार्य समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सही हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 बिलाईगढ़ का निरीक्षण किया गया। यहां 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 13 बच्चे पंजीकृत पाए गए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मध्यम कुपोषित बच्चों की जानकारी ली और सभी बच्चों को बुनियादी शिक्षा एवं आवश्यक गतिविधियां नियमित रूप से सिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रत्ना जायसवाल से सुपरवाइजर नियमित निरीक्षण के लिए आती हैं या नहीं, की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर कार्य सुनिश्चित करने कहा। ग्राम पंचायत देवरबोड़ टाडापारा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के लिए आकर्षक वातावरण तैयार करने हेतु भवन में कार्टून पेंटिंग कराने को कहा, ताकि बच्चे रुचि के साथ पढ़ाई कर सकें।

# ग्राम सुरहोली एवं बांशा पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मानस गान प्रतियोगिता कार्यक्रम में





**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम सुरहोली एवं बांशा में समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित श्री रामकथा मानस गान महोत्सव में सम्मिलित हुए इस अवसर पर पूर्व विधायक ने सर्व प्रथम प्रभु श्रीरामचंद्र भगवान का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए साथ ही समस्त जनमानस के सुख समृद्धि की कामना की इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सभी के इष्ट हैं राम कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य जन्म के पापों का निवारण हो जाता है ऐसे में समिति के द्वारा जो यह राम कथा महोत्सव मनाने का जो निर्णय लिया गया है वह बहुत ही सराहनीय है मैं समिति को आभार करता हूं जिन्होंने मुझे इस पावन महोत्सव में आमंत्रित किया तथा मुझे भी राम कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस शुभ अवसर पर ललित विश्वकर्मा श्रीमति माधुरी रवि परगनिहा चंद्रप्रकाश साहू राधे श्याम साहू शुभम वर्मा राम सिंह गायकवाड परगनिया मनोज शर्मा श्रीमती डीकेश्वरी राकेश वर्मा नरोत्तम देशलहरे मानाराम वर्मा विकास मढ़रिया विष्णु प्रसाद साहू कृष्णानंद साहू मुरारी लाल वर्मा महेश तिवारी ओमप्रकाश साहू बलदाऊ प्रसाद शर्मा, जगन्नाथ चौहान, सालिक राम पाटिल, विजय, कुमार साहू, परेटन लाल साहू, गीत गोविंद मनहरन लाल वर्मा शेखचंद साहू, रामानंद साहू, लछीराम साहू, सुखीराम पाटिल, अजय वर्मा, धनराज साहू,शंकर साहू, शंकर निषाद,भोलाराम देवांगन, दुर्गेश धीवर, हरीश वर्मा ,योगेश वर्मा, अमित पाटिल ,मुकेश वर्मा, नीरज वर्मा ,करण धीवर,पवन रावत, राजा विश्वकर्मा, सुनील रावत, डीकेश धीवर कमल रावत, सोमेश वर्मा, मनोज साहू श्री श्रद्धा सुमन मानस मंडली,श्री गणेश रामलीला मंडली, जय दुर्गे महिला मानस मंडली सुरहोली एवं जय मां दुर्गा मानस मंडली, ? जागृति महिला मानस मंडली बांशा एवं ग्रामवासियों उपस्थित रहे ।

# जिला कलेक्ट्रेट में महाशिवरात्रि पर भव्य रुद्राभिषेक और भंडारा आयोजन





**बेमेतरा।** जिले के संयुक्त जिला कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना और भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में जिले के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान शिव की उपासना में लीन हुए। महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। विशेष अवकाश होने के कारण आज भंडारा-प्रसाद का आयोजन भी संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा मगाई, पुलिस उप महानिरीक्षक (ष्ठढ्ढत्र) श्री रामकृष्ण साहू, अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और संयुक्त जिला कार्यालय के कर्मचारी भी मंदिर में उपस्थित रहे। सभी ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की, शिवलिंग का दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक में भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया। अधिकारी-कर्मचारी और श्रद्धालुओं का समर्पित भाव और उत्साह देखने योग्य था। इस आयोजन से जिले में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और लोगों में धार्मिक चेतना और सामूहिक भक्ति का संदेश फैलाने का अवसर मिला।

**छात्र छात्राओं और शिक्षकों से कलेक्टर का सवाल, कितना पढ़े और कितना पढ़ाये**

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ ब्लॉक के स्कूलों का किया निरीक्षण

### गलत तरीके से 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्शाने पर प्रधान पाठक को कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी करने के निर्देश

### कलेक्टर ने अनुपस्थित शिक्षक को नोटिस देने के निर्देश दिए

### कलेक्टर ने प्रयोगशाला की अव्यवस्था पर जताई नाराज़गी

### सुंदर लिखावट पर कलेक्टर ने की छात्रा खुशबू साहू की तारीफ



**सारंगढ़-बिलाईगढ।** आगामी 20 फरवरी से शुरू होने जा रही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, प्रयोगशालाओं की स्थिति तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का भौतिक रूप से उपस्थित होकर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलटिकरी का निरीक्षण कर सभी शिक्षकों का बैठक लेकर स्कूल की पढ़ाई, परीक्षा के लिए बच्चों और स्कूल की ओर से तैयारी तथा और 10वीं बोर्ड परीक्षा के पिछले परिणामों की जानकारी ली। संस्कृत शिक्षक से गत वर्ष फेल हुए विद्यार्थियों की संख्या सही जानकारी नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। अंग्रेजी विषय में पिछले वर्ष लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थी अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए थे। निरीक्षण के दौरान शिक्षक कुर्रे अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने डीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गलत तरीके से 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्शाने पर प्रधान पाठक को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

उपस्थिति और प्रयोगशाला व्यवस्था पर नाराजगी विद्यालय में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने गहरी चिंता व्यक्त की और पालकों से नियमित संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रयोगशाला का निरीक्षण करने पर पाया गया कि तीन शिक्षक होने के बावजूद प्रयोगशाला का सामान बिखरा हुआ है और व्यवस्थित नहीं है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में कुल 14 विद्यार्थियों में से केवल 4 उपस्थित मिले। रसायन शास्त्र की कॉपी जांचने पर छात्रा खुशबू साहू की सुंदर लिखावट की कलेक्टर ने सराहना की।कक्षा 9वीं एवं 11वीं की कक्षाओं में विद्यार्थियों से हिंदी में श्रृंगार रस की परिभाषा तथा अंग्रेजी में प्रेजेंट कंटीन्यूअस टेंस से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका अधिकांश विद्यार्थी सही उत्तर नहीं दे पाए। विषय शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पीएमश्री विद्यालय पवनी का भी निरीक्षण किया। यहां दो पालियों में स्कूल संचालित होने की जानकारी ली गई। कक्षा 4 के विद्यार्थियों से कंप्यूटर विषय के प्रमुख पाठों के बारे में पूछा गया, जिसका बच्चों ने सही उत्तर दिया। कलेक्टर ने अध्ययन समय में केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।पवनी शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल का भी निरीक्षण किया गया। कक्षा 11वीं कला संकाय में भूगोल विषय के अंतर्गत भूकंप एवं उसके प्रकारों के बारे में प्रश्न पूछे गए। छात्रा संजना निराला ने संतोषजनक उत्तर दिया, जबकि कई छात्राएं उत्तर नहीं दे सकीं। कलेक्टर ने शिक्षकों को बेहतर परिणाम लाने, नियमित कक्षाएं संचालित करने और बोर्ड परीक्षा की समुचित तैयारी कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए सभी शिक्षकों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# भोरमदेव शक्क र कारखाना में पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की प्रथम सूचना जारी



**कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा, द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की प्रथम सूचना जारी की गई है। कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी एवं गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दी गई है। जिन कृषकों को किसी कारणवश गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त नहीं हुई है, वे तत्काल कारखाना परिसर स्थित गन्ना विभाग अथवा अपने क्षेत्र सहायक से संपर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने अपना शेष गन्ना जूस, बीज अथवा गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा है तथा शक्कर कारखाना में पेराई के लिए विक्रय नहीं करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इस संबंध में कारखाना के गन्ना विभाग को लिखित सूचना उपलब्ध कराएं। कारखाना प्रबंधन ने जिले के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष गन्ना 19 फरवरी 2026 तक कारखाना परिसर में पहुँचाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात गन्ना उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में कारखाना प्रबंधन किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति अथवा दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बीज निगम की साठगांठ से रिजेक्ट धान पर किसान को 11 लाख से ज्यादा भुगतान

**रायपुर।** बीज प्रक्रिया केंद्र झलमला में अमानक (रिजेक्ट) घोषित धान की कागजों पर खरीदी कर ली गई और किसान के खाते में 11.40 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। मामला तब और संदिग्ध हो गया जब शिकायत होते ही आनन फानन में किसान के खाते से पूरी रकम वापस ले ली गई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीज प्रक्रिया केंद्र की जिला प्रबंधक माधुरी बाला को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जांच में खुलासा हुआ कि ग्राम खपराभाट (तहसील देवरी) के किसान सोहन लाल कश्यप का 10.71 हेक्टेयर रकबा बीज प्रक्रिया केंद्र और धान खरीदी केंद्र देवरी, दोनों जगह पंजीकृत था। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर एक ही जमीन के आधार पर दोनों केंद्रों पर धान बेच दी गई। हैरानी की बात यह है कि जिले में जहां औसत उत्पादन 20 से 25 क्विंटल प्रति एकड़ है, वहीं इस मामले में 33.76 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से कुल 903.99 क्विंटल धान खरीदी दर्ज की गई। कलेक्टर ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि जिले में कहीं भी इतना उत्पादन संभव नहीं है, जो सीधे तौर पर फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। जब धान परीक्षण में फेल हो चुका था, तो भुगतान किस आधार पर किया गया? मामला सामने आते ही राशि वापस क्यों ली गई, यह गंभीर प्रशासनिक चूक है। प्रकरण की कड़ियां जोड़ते हुए जांच दल ने पाया कि 10 दिसंबर 2025 को किसान ने 1263 बोरी धान बीज निगम लेकर पहुंचा, जहां 909 बोरी धान अमानक मिला और उसे रिजेक्ट कर दिया गया। रिजेक्ट धान किसान को लौटाई जानी थी, लेकिन आरोप है कि इसे लौटाने के बजाय 29 दिसंबर को देवरी केंद्र के दूसरे टोकन के जरिए सिस्टम में खपा दिया गया। 24 दिसंबर को धान रिजेक्ट होने के बावजूद जिला प्रबंधक ने किसान को 11,40,200 रुपये का भुगतान कर दिया। इस पूरे विवाद के केंद्र में मौजूद जिला प्रबंधक माधुरी बाला ने कहा, मैं इस मामले पर विस्तृत जवाब तैयार कर रही हूं। पोर्टल से सभी रिपोर्ट निकाली जा रही हैं, जिन्हें स्पष्टीकरण के साथ संलग्न किया जाएगा।

### एक साथ मिलेगा फरवरी और मार्च का चावल, 20 फरवरी को चावल उत्सव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस साल चावल उत्सव 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। हर साल 7 फरवरी को होने वाला यह आयोजन इस बार देरी से हो रहा है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एफआरके टेंडर में देरी होने की वजह से कार्यक्रम की तारीख आगे बढ़ानी पड़ी है। अब राज्यभर की राशन दुकानों में एक साथ चावल वितरण की तैयारी की जा रही है। सरकार की योजना के तहत प्रदेश की करीब 14 हजार राशन दुकानों में चावल का वितरण किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार हितग्राहियों को फरवरी और मार्च, दोनों माह का चावल एक साथ दिया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को बार-बार दुकान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और वितरण प्रक्रिया भी व्यवस्थित तरीके से पूरी हो सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण चावल उत्सव 2026 तय समय पर नहीं हो सका। एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) की आपूर्ति से जुड़े टेंडर समय पर फाइनल नहीं हो पाए थे। अब सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और 20 फरवरी को राज्यव्यापी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चावल उत्सव राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस आयोजन के माध्यम से पात्र परिवारों को रियायती दर पर चावल उपलब्ध कराया जाता है। फिलहाल प्रदेश की करीब साढ़े 6 हजार राशन दुकानों में नियमित रूप से चावल का वितरण जारी है। बाकी दुकानों में भी स्टॉक पहुंचाने की प्रक्रिया चल रही है, ताकि उत्सव के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। खाद्य विभाग ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वितरण व्यवस्था सुचारू रहे और हितग्राहियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

### छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची से 19 लाख से ज्यादा मतदाताओं का नाम कटेगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने प्रदेश की चुनावी तस्वीर ही बदल दी है। ड्राफ्ट रोल में 27.34 लाख नाम हटाए जाने के बाद अब तक मालत्र 2.95 लाख लोगों ने ही दोबारा नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। अब साफहै कि अंतिम सूची में 19 लाख से अधिक मतदाता कम हो सकते हैं। एसआईआर से पहले प्रदेश में कुल 2,12,30,737 मतदाता दर्ज थे। 23 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 27,34,817 नाम हटाए गए और मतदाताओं की संख्या घटकर 1,84,95,920 रह गई। अब तक मिले आवेदनों को जोड़ भी लिया जाए तो अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या लगभग 1.90 करोड़ के आसपास रहने का अनुमान है। निर्वाचन विभाग के अनुसार 6,42,234 नाम मृतकों के थे, जिन्हें हटाया गया। करीब 1.75 लाख नाम दोहरी प्रविष्टि (डबल एंट्री) के कारण हटे। सबसे बड़ी संख्या 19,13,540, ऐसे मतदाताओं की है, जो शिफ्ट हो चुके थे, पते पर उपलब्ध नहीं मिले या सत्यापन में अनुपस्थित रहे। एसआईआर के दौरान 6.13 लाख मतदाताओं तक बीएलओ पहुंच ही नहीं सके।

महिला सशक्तिकरण और कुपोषण मुक्ति के लिए विशेष पहल

# स्व-सहायता समूह को रेडी-टू-ईट निर्माण एवं वितरण का कार्य

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कुपोषण दूर करने और महिला सशक्तिकरण के लिए रेडी-टू-ईट फूड निर्माण का काम महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपते हुए 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस पहल के तहत रायगढ़, बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, और सूरजपुर जिलों में आंगनबाड़ियों के लिए पौष्टिक आहार निर्माण का कार्य महिला समूहों को मिला है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी टू ईट) के निर्माण और वितरण का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपने का फैसला किया। राज्य के 6 जिले के 42 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट के निर्माण और वितरण का कार्य सौंपा गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और कुपोषण मुक्ति के इस मिशन को प्रथम चरण में प्रदेश के 6 जिलों - बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, रायगढ़ एवं सूरजपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जा रहा है। वहीं रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां महिला समूहों ने 'रेडी-टू-ईट' उत्पादन प्रारंभ किया है। यह पहल महिलाओं की आर्थिक समृद्धि और बच्चों के स्वास्थ्यकृदोनों को नई दिशा प्रदान करेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा-10 स्व-सहायता समूह को रेडी-टू-ईट निमाण का कार्य सौंपा जा चुका है। इसी प्रकार रायगढ़-10 स्व-सहायता समूह, सूरजपुर और बलौदाबाजार-भाठापारा जिला में 7-7 स्व- सहायता समूह को, बस्तर जिले में 6 स्व-सहायता समूह और दंतेवाड़ा में 2 महिला स्व-सहायता समूह को रेडी-टू-ईट निमाण का कार्य सौंपा जा चुका है। इन स्व-सहायता समूहों के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी टू ईट) का निर्माण और वितरण का कार्य किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि इन समूहों की बहनें अब आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ इस कार्य से अपनी आमदनी भी बढ़ाएंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। यह योजना महिलाओं को स्व-रोजगार के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण और परिणामोन्मुखी पहल है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से बच्चों को पोषण युक्त आहार प्रदान कर राज्य के पोषण स्तर में सुधार लाने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।



### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 126 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज मनेंद्रगढ़चिरमिरीभरतपुर जिले के पोड़ी में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए 88 करोड़ से अधिक की लागत के 59 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 38 करोड़ से अधिक की लागत के 82 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में अधोसंरचना सुदृढ़ होगी और जनसुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि सड़क, भवन, सामुदायिक सुविधाओं और अन्य आवश्यक अधोसंरचना से जुड़े ये कार्य क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि उन्हें तेज गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना है। हमारी सरकार परिणामोन्मुखी कार्य संस्कृति के साथ प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# राजधानी में प्रमुख मार्गों से 10 अवैध ठेलों को हटाया

रायपुर/ संवाददाता

निरन्तर तीसरे दिन दिन रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और यातायात एसपी श्री अजय कुमार के निर्देशानुसार एएसपी यातायात श्री विवेक शुक्ला, नगर निगम अपर आयुक्त नगर निवेश श्री पंकज के. शर्मा, नगर निवेशक श्री अभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश श्री आशुतोष सिंह, नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश श्री शेखर सिंह, सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन सहित सम्बंधित यातायात पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता, नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा राजधानी शहर नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत जयस्तम्भ चौक, मालवीय मार्ग, बैजनाथपारा रोड, रहमानिया चौक रोड में टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत बाजार क्षेत्र में विभिन्न प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त करने व्यापक अभियान के अंतर्गत जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने सभी दुकानदारों को समझाइश दी गयी, कि वे सड़क पर कब्जा ना करें, अन्यथा की स्थिति में सड़क पर रखे उनके सामानों की यातायात जाम की समस्या दूर करने जनहित में सख्तीपूर्वक जब्ती कर ली जाएगी, इस स्थिति के निर्मित होने पर सम्बंधित कब्जाधारी दुकानदार स्वत: जिम्मेदार रहेंगे। आज लगातार तीसरे दिन चलाये गए जनहितकारी टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत लगभग 10 अवैध ठेलों को सड़क कब्जामुक्त करने जब्त कर लिया गया। वहीं टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत पचपेड़ीनाका चौक से संतोषी मगर चौक तक नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचआई ) की टीम के साथ मिलकर लगभग 15 दुकानदारों से सड़क पर कब्जा करने पर लगभग कुल 27000 रूपये का ई चालान करने की नियमानुसार कड़ी कार्यवाही ।

### चर्चित अभिनेत्री सनी लियोनी का राजधानी में आयोजित कार्यक्रम विरोध के चलते हुआ रद्द

**रायपुर।** राजधानी में बजरंग दल के विरोध के चलते एक्टर सनी लियोनी का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। यह कार्यक्रम 22 फरवरी को आयोजित किया जाना था। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार अभिनेत्री सनी लियोनी का कार्यक्रम राजधानी में 22 फरवरी को होना था, जिसके लिए खुद सनी लियोनी ने वीडियो जारी कर इस कार्यक्रम प्रमोशन किया था। विदेशी से आयी यह अभिनेत्री इस समय कई हिन्दी फिल्मों आई है, अपनी व्यक्तिगत जीवन को लेकर वे काफी चर्चा में हैं। इस कार्यक्रम का बजरंग दल और सनातन धर्म के लोगों ने कड़ा विरोध किया था। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को भी इसको लेकर ज्ञापन दिया गया था, जिसके चलते यह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

सेवा तीर्थ राष्ट्र को समर्पित

# नागरिक देवो भव की भावना से प्रेरित ऐतिहासिक पहल.......

- प्रधानमंत्री की जन-केंद्रित शासन व्यवस्था की सोच का मूर्त रूप है : तोखन

रायपुर/ संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सेवा तीर्थ' को राष्ट्र को समर्पित किया। सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 'सेवा तीर्थ' परिसर में पट्टिका का अनावरण कर कर्तव्य भवन 1 एवं 2 का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया। यह कार्यक्रम देश की प्रशासनिक



संरचना में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो आधुनिक एवं नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों की सेवा के अपने अटूट संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह परिसर 'नागरिक देवो भव' की पावन भावना से प्रेरित है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'सेवा तीर्थ' केवल एक भवन नहीं, बल्कि कर्तव्य, करुणा और 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशवासियों की सेवा के संकल्प और 'नागरिक देवो भव' की भावना को साथ लेकर इस पहल को राष्ट्र को समर्पित किया गया है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों को नि:स्वार्थ सेवा और जन-जन के कल्याण हेतु समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने प्रशासनिक तंत्र से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया।

# महंगाई भत्ता पेंशनरों का कानूनी अधिकार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत-नामदेव

- प्रदेश के पेंशनरों को 81 माह की बकाया महंगाई राहत का शीघ्र भुगतान हो

रायपुर/ संवाददाता

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल के कर्मचारियों के प्रकरण में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देशभर के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की बड़ी जीत बताया है। श्री नामदेव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि महंगाई भत्ता/महंगाई राहत कर्मचारियों एवं पेंशनरों का कानूनी अधिकार है, यह कोई अतिरिक्त लाभ (बोनस) नहीं है। न्यायमूर्ति संजय करोल एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने राज्य सरकार को वर्ष 2008 से 2019 तक का बकाया महंगाई भत्ता/राहत भुगतान करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय देश के सभी राज्यों पर समान रूप से लागू होने योग्य है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के तहत पेंशन देयताओं के बंटवारे से जुड़े विषयों में वर्षों से लंबित विसंगतियों के कारण छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रदेश के पेंशनरों को लगभग 81 माह की बकाया महंगाई राहत का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जो कि न्यायोचित नहीं है। प्रांताध्यक्ष श्री नामदेव ने छत्तीसगढ़ शासन से मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की भावना के अनुरूप प्रदेश के समस्त पेंशनरों को लंबित 81 माह की महंगाई राहत का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशनर अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में हैं और उन्हें उनके वैधानिक अधिकार से वंचित रखना अन्याय है। महासंघ ने यह भी कहा कि यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो पेंशनर संगठन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में रहकर आगे की रणनीति तय करेगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारी क्रमश: वीरेन्द्र नामदेव, जे पी मिश्रा,अनिल गोल्हानी,टी पी सिंह बी एस दसमेर, प्रवीण कुमार त्रिवेदी, आर जी बोहरे, ओ डी शर्मा, हरेंद्र चंद्राकर, आर के टंडन,लोचन पांडेय,नरसिंग राम,आर के नारद,आर के साहू, टी एल चंद्राकर, मालिक राम वर्मा,अनिल तिवारी , अनिल पाठक,श्रीमती उर्मिला शुक्ला, शेषा सक्सेना, वंदना मिश्रा, लता चावड़ा आदि ने आशा व्यक्त की है ।

### हुल्लड़बाजी करने वाले 8 लोगों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की खमतराई थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर हुल्लड़बाजी एवं एक दूसरे को गाली गलौज कर लड़ाई झगड़ा करने वाले 6 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाही की गई है। बता दें कि पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) आकाश मरकाम तथा सहायक पुलिस आयुक्त उरला पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में नॉर्थ जोन क्षेत्रांतर्गत थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना के बलों के साथ लगातार आसमाजिक तत्वो, गुण्डा बदमशो, चाकूबाजों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 14.02.2026 को थाना खमतराई को क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर हुल्लड़बाजी एवं एक दूसरे को गाली गलौज कर लड़ाई झगड़ा कर रहे है की सूचना पर मौके पर पहुचकर हुल्लड़बाजी करने वालो को पकड़ा गया अनावेदकों द्वारा आये दिन हुल्लड़बाजी करने एवं गाली गलौज करने से शांति भंग होकर संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना बनी हुई थी तत्काल आरोपियो को गिफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत कार्यवाही कर जेल निरूद्ध किया गया।

# छत्तीसगढ़ के किसानों ने ओडिशा में देखी ऑयल पाम की खेती




- सूरजपुर जिला में ऑयल पाम की खेती को दिया जा रहा बढ़ावा

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के किसान ओडिशा में ऑयल पाम की खेती का अवलोकन किया। ओडिशा के किसानों द्वारा ऑयल पाम की खेती से प्राप्त आमदनी से काफी प्रभावित हुए। गौरतलब है कि सूरजपुर जिले में ऑयल पाम खेती के विस्तार एवं किसानों की आय वृद्धि के उद्देश्य से उद्यानिकी विभाग द्वारा 25 कृषकों का प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम नुआपाड़ा जिला के खरियार रोड स्थित बेलटुकरी ग्राम में प्रगतिशील कृषक श्री लक्ष्मी चंद्राकर के प्रक्षेत्र पर आयोजित कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को ऑयल पाम उत्पादन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना तथा आधुनिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को ऑयल पाम की उन्नत किस्मों, वैज्ञानिक पौधरोपण विधि, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्रक्षेत्र में व्यवहारिक प्रदर्शन कर उत्पादन बढ़ाने की प्रभावी तकनीकों का मार्गदर्शन प्रदान किया। किसानों ने रोपण के 4 वर्ष से 10 वर्ष तक के पौधों से प्राप्त सफल उत्पादन को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। ओडिशा के कृषकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रति एकड़ 1.5 से 2 लाख रुपये तक वार्षिक आय प्राप्त हो रही है। दीर्घकालीन 25 से 30 वर्षों तक सतत उत्पादन, अंतरवर्ती फसलों से अतिरिक्त आमदनी तथा कम लागत में अधिक लाभ की संभावनाओं ने प्रतिभागी किसानों को अत्यंत प्रभावित किया। कार्यक्रम में प्री यूनिक एशिया लिमिटेड कंपनी की ओर से श्री संजीव ज्ञान जी ने ऑयल पाम की खेती, विपणन व्यवस्था तथा शासन द्वारा प्रदाय अनुदान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में कम लागत के साथ दीर्घकाल में अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। इस दौरान किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। उद्यानिकी तकनीकी अधिकारी श्रीमती अरुणा कुजूर एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल - ऑयल पाम योजना के अंतर्गत उपलब्ध अनुदान की जानकारी दी गई। योजना के तहत प्रति हेक्टेयर रखरखाव हेतु 6,750 रूपए (केंद्र सरकार द्वारा 5,250 एवं राज्य की ओर से 1,500 रूपए प्रदान किया जाता है), इसी तरह अंतरवर्ती फसल हेतु 10,250 (केंद्र द्वारा 5,250 एवं राज्य द्वारा 5000 रूपए ), ड्रिप सिंचाई प्रणाली हेतु 22,765 रूपए (केंद्र द्वारा 14,130 एवं राज्य द्वारा 8,635 रूपए) का अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

भटगांव में अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण को मिली गति

# मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने 18.38 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

रायपुर/ संवाददाता

प्रदेश में संतुलित एवं समावेशी विकास को गति देने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के कार्य निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री तथा भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लगभग 18.38 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं प्रारंभ पूजन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्राम शिवनंदनपुर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में अधोसंरचना मद अंतर्गत 3.41 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें नकना तालाब



घाट निर्माण, फुटपाथ निर्माण, अटल परिसर निर्माण, आर.सी.सी. नाली निर्माण तथा बी.टी. रोड निर्माण कार्य शामिल हैं। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एक अन्य भूमिपूजन एवं प्रारंभ पूजन कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुईं, जिसमें लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 14.97 करोड़ रुपए (लगभग 15 करोड़ रुपए) की लागत से दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य शामिल हैं। इनमें भटगांव से अनरोखा मार्ग (6.00 किमी) के चौड़ीकरण एवं निर्माण हेतु 878.50 लाख रुपए तथा पकनी से चेन्द्रा मार्ग (5.60 किमी) के चौड़ीकरण एवं निर्माण हेतु 618.63 लाख रुपए की स्वीकृति सम्मिलित है। इन सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा व्यापारिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही ग्राम स्तर पर आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण होगा और स्थानीय नागरिकों को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम अधोसंरचना उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शासन का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाना तथा विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## संपादकीय

# सड़क पर खुले गड्ढे, कब तक बेगुनाह जिंदगियां निगलते रहेंगे

दिल्ली के जनकपुरी इलाके में खुले गड्ढे में गिर कर एक मोटरसाइकिल सवार की मौत की घटना ने फिर यही साबित किया है कि सरकार के संबंधित महकमे किस कदर संवेदनहीन और गैरजिम्मेदार हैं। इस बात की कोई फिक्र नहीं दिखती कि अधिकारियों की लापरवाही से किसी की जान तक चली जा रही है।गौरतलब है कि जनकपुरी इलाके में डिस्ट्रिक सेंटर के नजदीक सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए करीब पंद्रह फुट गहरा गड्ढा खोदा गया था, जो खुला था। गुरुवार रात काम के बाद घर लौटते हुए एक पच्चीस वर्षीय युवक उसी गड्ढे में गिर गया और उसकी मौत हो गई। उसके परिजन रात भर उसे खोजते रहे, लेकिन उन्हें सुबह घटना की जानकारी मिली।खबरों के मुताबिक, घटना की जानकारी एक उप-ठेकेदार को रात में मिल गई थी, मगर उसने न तो पुलिस को बताना जरूरी समझा, न ही समय पर आपातकालीन सेवा को सूचित किया। घटना के तूल पकड़ लेने के बाद दिल्ली जल बोर्ड के तीन इंजीनियरों को निलंबित करने और उप-ठेकेदार को गिरफ्तार करने के अलावा गैरइरादतन हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।मगर अधिकारियों की जिस जानलेवा लापरवाही की वजह से एक व्यक्ति की जान चली गई, वह कब तक एक रिवायत की तरह बनी रहेगी। सड़कों के किनारे खुले गड्ढे या मैनहोल में किसी के गिर जाने से बुरी तरह घायल होने या फिर मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। विचित्र यह है कि जो मामले सुर्खियों में आ जाते हैं, उन पर सरकार कार्रवाई करती दिखती है, मगर थोड़े ही दिनों बाद फिर हर तरफ लापरवाही का आलम छाया दिखता है।सीवर के लिए पाइप लाइन या फिर किसी अन्य कार्य की वजह से बड़े-बड़े गड्ढे खोद तो दिए जाते हैं, लेकिन वहां कोई भी सुरक्षा घेरा और खतरे का संकेतक लगाने की जरूरत नहीं समझी जाती। सिर्फ इसी लापरवाही की वजह से अक्सर सड़क किनारे खुले नाले, गड्ढे या मैनहोल में गिर कर किसी की मौत हो जाती है।सवाल है कि इस तरह की बदस्तूर लापरवाहियों की वजह से होने वाली मौत को हत्या की श्रेणी में क्यों नहीं माना जा सकता। अफसोसनाक यह है कि ऐसी घटनाओं के बावजूद संबंधित महकमे और उनके अधिकारी कोई सबक लेने को तैयार नहीं दिखते।

**लोकसभा में पीएम मोदी का अभिभाषण होना था, उनको धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इसके लिए पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। देश में मौजूद गंभीर मुद्दों पर चर्चा और उनके समाधान के प्रयासों के बजाए निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए संसद में दलगत राजनीति भारी पड़ रही है। संसद सत्तारुढ़ और विपक्ष के लिए अखाड़ा बनी हुई है। देश के कर्णधारों को देश की बिगड़ती दिशा—दशा की कोई परवाह नहीं है। दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अन्य शोधों के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल श्वसन प्रणाली, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। जहरीली हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से तनाव, चिंता, अवसाद (डिप्रेशन), संज्ञानात्मक हानि और बच्चों में एडीएचडी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसे विशेषज्ञ एक 'मानसिक स्वास्थ्य आपातकाल' मान रहे हैं।**

# समस्याओं के निराकरण के बजाए अखाड़ा बनी संसद

(योगेंद्र योगी)

एरोसोल सूक्ष्म कणों पीएम 2.5 और जहरीली गैसों से दिमागी सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव होता है, जो अवसाद और चिड़चिड़ापन पैदा करता है। प्रदूषण के कारण वयस्कों में भावनात्मक थकान, निर्णय लेने की क्षमता में कमी और बच्चों में सीखने में कठिनाई देखी जा रही है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका अपक्षयी विकारों का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन बताते हैं कि पीएम 2.5 के एरोसोल घटक, डिप्रेशन और चिंता से सीधे जुड़े हैं। एम्स की एक अन्य रिसर्च में स्पीच एनालिसिस तकनीक के जरिए डिप्रेशन की पहचान की जा रही है, जो बताता है कि मानसिक स्वास्थ्य पर प्रदूषण का असर कितना गहरा है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्मॉग के दौरान बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें, घर में एयर प्यूरीफायर लगाएं और तनाव कम करने के लिए योग व स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। इसी तरह इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की 77वीं वार्षिक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने बताया कि आज भारत में करीब 60 प्रतिशत मानसिक रोग 35 साल से कम उम्र के लोगों में पाए जा रहे हैं। यह आंकड़ा इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यही उम्र पढ़ाई पूरी करने, करियर बनाने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की होती है। अगर इसी समय मानसिक समस्याएं शुरू हो जाएं और उनका इलाज न हो, तो इसका असर पूरी जिंदगी पर पड़ सकता है। कांफ्रेंस में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी, आर्थिक अस्थिरता और बदलती सामाजिक संरचना ने युवाओं के तनाव को और बढ़ा दिया है। महामारी के बाद पढ़ाई, नौकरी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता ने चिंता और डिप्रेशन के मामलों में इजाफा किया है। जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक-2026 में सिंगापुर पहले स्थान पर काबिज है, वहीं भारत 16वें नंबर पर है। रिपोर्ट में यह आंका गया है कि कोई देश अपने लोगों और पूरी दुनिया के लिए कितना जिम्मेदार है। इस सूची में सिंगापुर को दुनिया का सबसे जिम्मेदार देश घोषित किया गया है। सिंगापुर ने शासन, समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम करके पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह साल 2026 के ग्लोबल सॉफ्ट पावर इंडेक्स में भारत 48.0 के स्कोर के साथ इस फेहरिस्त में 32वें स्थान पर है। यह पिछले साल के मुकाबले दो स्थान नीचे और 1.8 अंक कम है। सॉफ्ट पावर किसी देश की उस क्षमता को कहते हैं, जिसमें वह सैन्य बल के बजाय अपनी संस्कृति और मूल्यों से दूसरे देशों को प्रभावित करता है। विश्व रैंकिंग में भारत का स्थान और घरेलू आतंरिक चुनौतियों पर चर्चा और इनके समाधान के बजाए सबसे बड़ा लोकतांत्रिक मंच संसद



तमाशा बनी हुई है। सांसद देश की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा करने के बजाए गरिमा को तार—तार करने में लगे हुए हैं। संसद के मौजूदा सत्र में लोकसभा में भारी हंगामे के दौरान कुछ सांसदों ने स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंके, जिसके बाद उन्हें सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर हुई, जिसे सदन ने मंजूर कर लिया। दरअसल, राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर विपक्षी दल भड़क गए थे और हंगामा शुरू कर दिया था। इस मामले में कुल आठ सांसदों पर कार्रवाई हुई और उन्हें निलंबित कर दिया गया। लोकसभा में पीएम मोदी का अभिभाषण होना था, उनको धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इसके लिए पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। भारत- यूएस ट्रेड डील पर केंद्रीय वाणिज्?य मंत्री पीयूष गोयल ने सरकार का पक्ष रखना शुरू किया था, तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया था। पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर कहा कि इसमें किसानों के हितों को सुरक्षित रक्षा गया है। इससे पहले राहुल गांधी आज फिर संसद में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की वो किताब लेकर पहुंचे। लोकसभा में लगातार हंगामा होता रहा। यही वजह है देश के युवा और उद्यमियों का लगातार भारत से मोह भंग हो रहा है। पिछले साल 2024 में भारत के दो लाख से भी ज्यादा अमीर लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी। भारत छोड़कर विदेशों में बसने का चलन साल दर साल लगातार बढ़ रहा है। भारत की लाइफस्टाइल और यहां की आबो-हवा पसंद नहीं आ रही है, लेकिन उनको विदेशी धरती की लाइफस्टाइल ज्यादा लुभावनी और सुरक्षित लग रही है। साल 2024 में 2 लाख 6 हजार लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। साल 2023 में 2 लाख 16 हजार 219 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा और नौकरियों के सीमित अवसर, सामाजिक असमानता और राजनीतिक माहौल लोगों को देश छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। देश के बजाए निहित राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देने से समस्याओं का अंबार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कि हालात बेकाबू हों देश के कर्णधार जिम्मेदारी का एहसास करें और समस्याओं के निदान में गंभीरता दिखाएं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# रोमांस, ब्रेकअप और रियलिटी- दशकों के साथ बदला बॉलीवुड में लव स्टोरी का चलन

(गुंजन शर्मा)

फिल्मों में बदलते प्यार के चलन को अलग-अलग दौर में कैसे दर्शाया गया, ये हमने इस खबर में बताया है। हर दशक के साथ प्यार की परिभाषा बदलती गई और अब ये जुनून में बदल चुकी है।

हाल ही में धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' काफी चर्चा में रही। वैसे तो ये एक रोमांटिक ड्रामा जॉनर की फिल्म बताई गई, लेकिन जिसने भी इसे देखा वो इस उलझन में पड़ गया कि आखिर ये कैसा प्यार है? दर्शकों को ये समझ ही नहीं आया कि अगर लड़की, लड़के से प्यार करती थी तो उसे ये बात समय रहते क्यों नहीं पता चली? लड़का, उस लड़की के प्यार में इतना दीवाना हो गया कि उसने अपने पिता के जीते जी उसकी तकलीफ को नहीं समझा? लड़की प्यार में रहते हुए किसी और के साथ शादी करके अपने पति का बच्चा किस हक से लड़के को सौंपने आई? कुल मिलाकर इस फिल्म ने सबको कन्फ्यूज कर दिया और इसे लेकर तरह-तरह के मीम बनने लगे और लोग इस फिल्म पर सवाल उठाने लगे कि 'ये कैसा इश्क'?

दशकों से हिंदी सिनेमा ने प्यार को अलग-अलग तरीके से पेश किया गया है। कभी ये प्यार त्याग और बलिदान का प्रतीक रहा, कभी एक तरफा और मासूम रहा तो कभी जुनून भरा बन गया। समय के साथ समाज बदला, फैशन बदला, चलन बदला यहां तक की रिश्तों की समझ तक बदल गई और उसी के साथ बदलती गई फिल्मों में प्यार की कहानी। अगर आज हम पीछे मुड़कर देखें तो समझ आता है कि बॉलीवुड की लव स्टोरीज भारतीय समाज के इतिहास की दर्शाती रही हैं।इस दौर की लव स्टोरी सामाजिक मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों के बारे में हुआ करती थीं। पुरानी फिल्मों में दिखाया जाता था कि प्यार अपनी भावनाओं से ज्यादा समाज औ समाज की जिम्मेदारियों के आगे झुक जाता था। इसका सबसे बड़ा उदाहरण मुग़ल-ए-आज़म फिल्म थी, जिसमें सलीम और अनारकली का प्यार सत्ता से टकराता है और हमेशा के लिए अमर हो जाता है। इसके अलावा 'देवदास' भी इसका बड़ा उदाहरण है।

इस समय तक समाज में बदलाव शुरू हो चुका था और सिनेमा भी वास्तविक्ता दिखाई जाने लगी। प्रेम अब सिर्फ सपनों की दुनिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसमें दर्द, अकेलापन और संघर्ष भी जुड़ने गया। इसका बड़ा उदाहरण कमल हासन और श्रीदेवी की फिल्म 'सदमा' थी, जिसमें रोमांटिक रिश्ता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और निस्वार्थ सेवा दिखाई गई है। ये वो दौर था जब प्यार हमेशा हासिल करना मुश्किल होने लगा। ये वो दौर था, जिसे बॉलीवुड का सबसे रोमांटिक दौर माना जाता है। इस दशक में प्यार के साथ-साथ फिल्मों में रोमांस को भी जगह मिलने लगी और हर फिल्म का अंत खुशहाल होने लगा। उस दौर में आई 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' आज भी बेस्ट रोमांटिक फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म का रियल लाइफ कपल्स पर भी काफी गहरा असर पड़ा था और उन्होंने घरवालों के सामने अपने प्यार को स्वीकार करना शुरू कर दिया था। लेकिन ये ही वो दौर था जब 'डर' जैसी फिल्में भी आई, जिसमें प्यार में दीवानापन भी दिखाया गया। 2000 शुरू होते ही बॉलीवुड में एक और नया चलन शुरू हो गया। अब वो दौर था जब मॉर्डन लव दिखाया जाने लगा, इसमें रिश्तों में प्यार के अलावा करियर, आत्मनिर्भरता और असुरक्षा जैसे मुद्दे भी दिखाए जाने लगे। इसके उदाहरण में 'लव आज कल' जैसी फिल्में शामिल हो गई। इस दौर में ब्रेकअप को भी उतनी ही गंभीरता से दिखाया गया जितना रोमांस को। 2010 के बाद से बॉलीवुड में प्यार थोड़ा मुश्किल दिखाया जाने लगा। अब कहानियां परफेक्ट जोड़ों की नहीं, बल्कि अधूरे रिश्तों की दिखाई जाने लगीं। कई फिल्मों में प्यार ऐसा दिखाया गया, जिसमें प्यार में पड़ा एक पार्टनर खुद को समझने के चक्कर में रिश्ते को ही खराब कर देता है। इनमें 'तमाशा' फिल्म बड़ा उदाहरण है, जिसमें रणबीर सिंह और दीपिका पादुकोण खुद की पहचान छिपाकर मिलते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। मगर जब वो एक दूसरे की सच्चाई से वाखिफ होते हैं तो चीजें खराब होने लगती हैं। हालांकि इस फिल्म का अंत अच्छा है। इस दौर में दिखाया गया कि प्यार हमेशा सही नहीं होता, लेकिन सच्चा हो सकता है। फिर आता है ये दौर जब 'तेरे इश्क में' जैसी फिल्में आ रही हैं। अब इसके बाद शाहिद कपूर की 'रोमियो' भी आने वाली है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक प्रेम कहानी पर आधारित है। जिसमें एक गैंगस्टर एक महिला को उसके पति की हत्या के बाद दाऊद इब्राहिम को मारने की साजिश रचने में मदद करता है।

# कृषि उपज के लिए बाजार को खोलना यानी बवंडर को निमंत्रण

**भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है।**

(उमेश चतुर्वेदी)

अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे।भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स यहीं पर नहीं रूके। उन्होंने सिर्फ 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि भारत के साथ कृषि कारोबार के चलते अमेरिका को 1.3 अरब डॉलर का घाटा हो रहा है। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है।

रोलिंग्स की इस खुशी की वजह से भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती-किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत के छियासी प्रतिशत किसान सीमांत या लघु हैं। जिनकी जोत दो हेक्टेयर से कम है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। इससे भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है।

किसानों की आशंकाओं को विपक्षी दलों ने अपने ऊंचे सुरों से और बढ़ाया ही है। लेकिन कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों,सब्जियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक, इस समझौते से भारतीय किसानों को नए अवसर मिलेंगे,क्योंकि इस समझौते में कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए, ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत की ओर से अमेरिका समेत कई



देशों को करीब 63 हजार करोड़ के चावल का निर्यात कर चुका है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा।

भारत-अमेरिकी समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनीं पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। इस बवंडर का सामना करने की हिम्मत विरली राजनीतिक ताकतें ही कर सकती हैं। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, खासतौर पर एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए तीन लाख अरब अमेरिकी डॉलर का बड़ा बाजार खुलने की उम्मीद है। इसकी वजह से जो निर्यात बढ़ेगा, उससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना जताई जा रही है। भारत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथनॉल, तंबाकू, सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों को पूर्ण रूप से संरक्षित करेगा। दोनों देश अपने-अपने हित वाले क्षेत्रों में एक-दूसरे को तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। दूसरी तरफ भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं। भारत के सामने संकट यह है कि अगर उसने इस क्षेत्र को खोला तो छोटे और सीमांत किसानों के सामने जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उनसे वह कैसे निबट पाएगा। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मधुमक्खी के छत्ते पर पत्थर मारा, सड़क पर मची अफरा-तफरी, दो युवक गंभीर घायल



**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के टाकरागुड़ा में सोमवार की सुबह कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मधुमक्खी के छत्ते में पत्थर मारने की घटना के बाद सड़क पर चल रहे युवकों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया है।

घायलों के परिजनों ने बताया कि लछिनधर नाग और संजय नाग मोटरसाइकिल पर सवार होकर सामान खरीदने जा रहे थे। घर से कुछ दूरी पर ही अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया, जिससे दोनों युवक बुरी तरह काट लिए गए।इस घटना में अन्य बाइक सवार भी मधुमक्खियों के हमले का शिकार हुए। अचानक हुई इस घटना से आसपास अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए बाइक से उतरकर जमीन पर लेट गए। लगभग आधा घंटा तक मार्ग पर आवाजाही रुकी रही। जब मधुमक्खियां शांत होकर चली गई, तब लोगों ने आना-जाना शुरू किया। यह घटना इस बात को दर्शाती है कि किस प्रकार असामाजिक तत्वों की लापरवाही आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। मधुमक्खियों के छत्तों से छेड़छाड़ करना न केवल वन्यजीवों के प्रति क्रूरता है, बल्कि यह मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। स्थानीय प्रशासन को ऐसे असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने और लोगों को जागरूक करने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

# आरबीआई के सहयोग से बीजापुर में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन, महिलाओं को मिली सुरक्षित बैंकिंग की सीख



**बीजापुर।** भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग जिला पंचायत सभागार बीजापुर में वित्तीय साक्षरता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, सुरक्षित बैंकिंग उपायों एवं विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी देना था।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान दौर में वित्तीय शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

इसके माध्यम से व्यक्ति अपने और अपने परिवार की आर्थिक व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित कर सकता है। उपभोक्ताओं को अपने बैंक खाते, जमा राशि और निवेश संबंधी जानकारी प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार है। यदि बैंक प्रबंधन संतोषजनक जानकारी उपलब्ध नहीं कराता है, तो उपभोक्ता बैंकिंग लोकपाल से शिकायत कर सकते हैं।रायपुर से आए आरबीआई के एलडीओ नवीन तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय साक्षरता के अभाव में लोग चिटफंड कंपनियों, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी और फोन कॉल के माध्यम से एटीएम/ओटीपी साझा करने जैसी ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे जोखिमों से बचाव के लिए जागरूक रहना और केवाईसी प्रक्रिया को समय-समय पर अपडेट रखना आवश्यक है।बताया गया कि वर्ष 2026 का वित्तीय साक्षरता सप्ताह 9 से 13 फरवरी तक मनाया गया। इस वर्ष की थीम रही–विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, बचत योजनाएँ, वित्त प्रबंधन, बैंक ऋण, जमाकर्ताओं एवं ऋण उपभोक्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल व्यवस्था तथा नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई।कार्यशाला में महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे वित्तीय शिक्षा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ से केवल एक संस्था का चयन किया गया, जिसमें समर्पित संस्था को स्थान मिला है। कार्यक्रम की सफलता में ब्लॉक काउंसलर एवं संस्था पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

## कृषि विज्ञान केंद्र में 'रूरल टेक्नोलॉजी सेंटर' का शुभारंभ, किसानों को मिलेगी आधुनिक तकनीक की सुविधा



**कांकेर।** किसानों को आधुनिक एवं किफायती खेती से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में 'रूरल टेक्नोलॉजी सेंटर' की स्थापना की गई है। केंद्र का शुभारंभ स्थानीय विधायक आशाराम नेताम एवं छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा की उपस्थिति में किया गया।इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में स्थापित इस केंद्र का उद्देश्य पशु चालित कृषि यंत्रों के माध्यम से खेती को सरल, सुलभ एवं लाभकारी बनाना है। केंद्र में तेंदुआ हल, पैडलर एवं बियासी हल जैसे उन्नत उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन संभव होगा। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा शुरू की गई यह पहल किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

# चारामा में जुआ खिलाते खाईवाल गिरफ्तार, मोबाइल व नगदी जब्त



**कांकेर।** अपराध मुक्त समाज अभियान के तहत चारामा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खिलाने वाले एक खाईवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक आईफोन, सट्टा-पट्टी पर्ची एवं नगद 5,350 रुपये जब्त किए गए हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 15 फरवरी 2026 को पेट्रोलिंग पार्टी ग्राम चारभाठा की ओर रवाना थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चारभाठा में एक व्यक्ति अपने कृषि फार्म में सट्टा-पट्टी लिखकर लोगों से अंकों पर रुपये-पैसे का दांव लगवा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गवाहों की उपस्थिति में कार्रवाई की। जांच के दौरान एक व्यक्ति कृषि फार्म स्थित मकान के अंदर सट्टा-पट्टी लिखते हुए पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुकेश उर्फ टकू साहू (35 वर्ष), पिता मलखम साहू, निवासी बंगला पारा चारामा, थाना चारामा जिला कांकेर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नग आईफोन, सट्टा-पट्टी पर्ची, एक नग पेन तथा नगद 5,350 रुपये बरामद किए गए, जिन्हें विधिवत जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 29/2026 धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। साथ ही अंकों पर दांव लगाकर जुआ खिलाने के कारण धारा 112 बीएनएस भी जोड़ी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी जुआ अधिनियम एवं अन्य धाराओं के तहत कई प्रकरण दर्ज हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, निरीक्षक यशवंत श्याम, स्टाफ सर्जन टीमकम दास सोने, दुशांत दीवान सहित पुलिस टीम द्वारा की गई। कांकेर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# चित्रकोट महोत्सव के नाम पर इंद्रावती नदी का पानी छोड़े जाने का आरोप, किसानों में बढ़ी चिंता




जगदलपुर। इंद्रावती नदी बाजार संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और जल संसाधन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इंद्रावती नदी पर बने एनीकेट का गेट किसानों को बिना पूर्व सूचना दिए खोल दिया गया, जिससे नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है और सिंचाई पर संकट गहराने लगा है। लक्ष्मण बघेल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चित्रकोट महोत्सव के आयोजन के नाम पर एनीकेट से पानी छोड़ा गया है। उनका आरोप है कि यह कदम मुख्य रूप से वीआईपी पर्यटन और जलप्रपात की आकर्षक छवि दिखाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इससे क्षेत्र के किसानों की फसलों और सिंचाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग को किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए थी, लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के पानी छोड़ना गैर-जिम्मेदाराना निर्णय है। संघर्ष समिति के अनुसार, पिछले वर्ष भी बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के दौरान इसी तरह पानी छोड़ा गया था, जिसके कारण कई गांवों में सिंचाई प्रभावित हुई थी। किसानों ने तब भी जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि जब भी एनीकेट का गेट खोला जाए, उससे पहले इंद्रावती प्रभावित गांवों को लिखित सूचना दी जाए, ताकि किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। लेकिन इस वर्ष भी प्रशासन ने किसानों की मांगों की अनदेखी की है। यदि इसी तरह सभी एनीकेटों से पानी छोड़ा जाता रहा तो आने वाले दिनों में इंद्रावती नदी पर निर्भर किसानों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने किसानों के हितों की अनदेखी जारी रखी तो संघर्ष समिति आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। संघर्ष समिति ने जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और जल संसाधन विभाग से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और किसानों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया महा शिवरात्रि पर्व

## नेगानार शिवालय में भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उमड़ा आस्था का सैलाब,,



**बस्तर।** श्रद्धा, आस्था और भक्ति के महापर्व महा शिवरात्रि का आयोजन इस वर्ष 15 फरवरी 2026, रविवार को पूरे देश में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में भी जगह - जगह शिव मंदिरों में शिवभक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जहाँ शिवालयों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

**,,नेगानार शिवालय बना आस्था का केंद्र,,**बकावंड विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेगानार स्थित घेंगरा मुंडा के समीप प्राचीन शिवालय में महा शिवरात्रि पर्व को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य और गरिमामय रूप से मनाया गया। यह शिवालय क्षेत्र का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माना जाता है, जहाँ पर्व के अवसर पर दूर-दराज़ के ग्रामीण अंचलों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचे।

**,,धार्मिक अनुष्ठान, मेला और रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम,,** इस आयोजन का सफल संचालन शिव शक्ति समिति नेगानार के युवाओं द्वारा किया गया। समिति की ओर से विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ मेला, भंडारा एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भक्तों के मनोरंजन और आध्यात्मिक भाव को सुदृढ़ करने हेतु भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देर रात तक चलती रहीं।

**,,एक दिन पूर्व से शुरू हुई तैयारियाँ, दिखा उत्सव का माहौल,,**महा शिवरात्रि से एक दिन पूर्व ही मेले की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई थीं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बन गया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी शिवालय में दर्शन हेतु पहुँचे।श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भंडारे एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के लिए बस्तर पुलिस द्वारा विशेष इंतज़ाम किए गए।

**,,दूध, बेलपत्र और गंगाजल से हुआ अभिषेक,,**पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दूध, दही, शहद, बेलपत्र एवं गंगाजल से विधिवत अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। अनेक भक्तों ने उपवास रखकर रात्रि जागरण किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

**,,दिनभर शिवालयों में रुद्राभिषेक, विशेष पूजन एवं भजन-कीर्तन के कार्यक्रम चलते रहे।,,**


आत्मिक शुद्धि और साधना का पर्व है महा शिवरात्रि-धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महा शिवरात्रि आत्मिक शुद्धि, संयम और साधना का पर्व है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से की गई शिव आराधना से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के दानदाताओं का विशेष योगदान रहा। शिव शक्ति समिति नेगानार ने समस्त सहयोगकर्ताओं एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भगवान शिव से उनके सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। समिति ने यह भी आशा जताई कि आने वाले वर्षों में भी इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ महा शिवरात्रि पर्व मनाया जाता रहेगा।

# लोन के नाम पर पांच लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर।** सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी छबीलाल मंडावी (52 वर्ष), निवासी अलबेलापारा कांकेर ने 14 फरवरी 2026 को थाना सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2025 में उन्होंने एचडीएफसी बैंक कांकेर में पर्सनल लोन के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान बैंक कर्मचारी होने का झांसा देकर लक्ष्मण साहू, निवासी बरदेभाटा थाना कांकेर ने उनके मोबाइल में लोन ऐप डाउनलोड कराया। जांच में पता चला कि 6,39,456 रुपये का लोन स्वीकृत कर राशि प्रार्थी के खाते में जमा की गई, जिसे आरोपी ने 9 फरवरी 2026 को 2,09,000 रुपये एवं 10 फरवरी 2026 को 3,70,054 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर कुल पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की। प्रकरण में अपराध क्रमांक 64/26 धारा 318(4), 316(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की गई। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 फरवरी 2026 को आरोपी को गिरफ्तार किया।सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस टीम निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, उप.निरी. सुरेन्द्र मानिकपुरी, मनोरथ जोशी, आर. दयानंद कुंजाम, ईश्वर साहू।कांकेर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि लोन या बैंकिंग संबंधी किसी भी प्रक्रिया में सतर्कता बरतें तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# सालों बाद विकास की आस लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे कैका और गुमरा पंचायत के ग्रामीण




## सड़क, बिजली और स्कूल की मांग; कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई का दिया भरोसा

**बीजापुर।** जिले के अंदरूनी और लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहे कैका और गुमरा पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण सोमवार को पहली बार बड़ी तादाद में जिला मुख्यालय पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर उन्होंने अपने गांवों में सड़क, बिजली, स्कूल, आंगनबाड़ी और पुलिया जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। पंचायत तक पहुंचने के लिए ठीक सड़क नहीं है, कई जगहों पर पुलिया का अभाव है और बिजली अब तक नहीं पहुंच सकी। शासकीय भवनों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई और अन्य सेवाएं भी प्रभावित होती रही हैं।ग्रामीणों का कहना था कि नक्सलवाद के चलते वर्षों तक न तो जनप्रतिनिधि गांवों तक पहुंच पाए और न ही प्रशासनिक अधिकारी। इसी वजह से दोनों पंचायतें विकास की रफ्तार से पीछे रह गईं। अब जब इलाके में हालात पहले से बेहतर हुए हैं, तो ग्रामीण खुलकर अपने गांवों के विकास की मांग कर रहे हैं।गौरतलब है कि करीब 20 से 25 साल बाद इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे और सीधे कलेक्टर से मुलाकात की। कलेक्टर ने उनकी समस्याएं ध्यान से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि बिजली, पानी, सड़क और पुलिया जैसे कामों को प्राथमिकता देकर जल्द शुरू कराया जाएगा।आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष नजर आया।

# विधायक ने ग्राम पुसावण्ड और बड़ेबंजोड़ा को दी विकास कार्यों की सौगात



**कोंडागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शनिवार को ग्राम पुसावण्ड में कुल 17.15 लाख रुपए की लागत के दो विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन कार्यों में आश्रित ग्राम काकड़गांव मातागुड़ी के पास 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन तथा 14.15 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार विधायक सुश्री उसेंडी ने ग्राम बड़ेबंजोड़ा में भी कुल 06 लाख रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों में पखना पारा शिवलाल घर से 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 03 लाख रूपए और सीदाय घर से गुडिया घर तक 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 03 लाख रूपए शामिल है। इस अवसर पर विधायक सुश्री उसेंडी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में सड़क, भवन और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क निर्माण से बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी और ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।कार्यक्रम में सरपंच सूरज पोयाम, जनपद सदस्य फरसूराम नेताम, इंदलराम यादव, हितेश झा, श संतोष पात्र, सुकालूराम पोयाम, सोनारूराम मंडावी, मेहत्तर बघेल, शिवराम बघेल, मंगलूराम मंडावी, सोमसू पोयाम, रूनीका मानिकपुरी, महादेव पायोम, लच्छूराम पोयाम सहित पंचगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वालीबाल प्रतियोगिता में एस पी होंगे शामिल



**कोंडागांव।** पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के मार्ग निर्देशन एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव कपिल चंद्रा व उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव एसडीओपी मर्दापाल के संरक्षण व थाना प्रभारी बयानार राकेश कुमार राठौर के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला कोंडागांव के सुदूर दूरस्थ अंचल थाना बयानार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेरमापाल में दो दिवसीय वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाहै जहां ग्रामीणों की आस्था एवं श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए गांव पेरमपाल के माटी पुजारी गायता पेरमा पुजारी सरपंच मुखिया एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कुलदेवी देवता का पूजा पाठ किया गया । अतिथियों का स्वागत उपरांत वालीवाल खेल प्रतियोगिता में उपस्थित 16 टीमों का खेल प्रारंभ कराया गया। ग्रामीणों एवं बाहर से आए जनप्रतिनिधि गण, प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए समुचित भोजन व्यवस्था कर भोजन कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने बिलासपुर में किया विस्तार

**बिलासपुर।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नए शोरूम का विस्तार कर छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया और भारत के प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में अपने सुदृढ़ हस्ताक्षर किये। विदित हो कि यह छत्तीसगढ़ में मलाबार का दूसरा शोरूम रहा और इसने पारदर्शी एवं सेवा-आधारित आभूषण रिटेल अनुभव को अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाया। नव-उद्घाटित शोरूम कुल 6,300 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला था। इसे ग्राहकों को विशाल एवं सुव्यवस्थित माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था, ताकि वे आरामदायक ढंग से आभूषण देख सकें, उत्पादों को आसानी से समझ सकें और अधिक व्यक्तिगत खरीदारी अनुभव प्राप्त कर सकें। तेरह फरवरी को बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल तथा बिलासपुर की महापौर सुश्री पूजा विधानी इस शोरूम के उद्घाटन की साक्षी बने। इस अवसर पर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के सीनियर लीडरशिप के सदस्य और वेस्ट ज़ोन के रीजनल हेड फाजीम अहमद सहित टीम के अन्य सदस्य, आमंत्रित अतिथि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे थे। इस शोरूम में सोने, हीरे, प्लैटिनम और रत्नों से बने आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला बाट जोह रही। वर्तमान को परिभाषित करते इसमें मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का स्पेशल सिग्नेचर कलेक्शन भी शामिल हैं। यह संग्रह विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था, जिसमें दुल्हन के आभूषण, त्योहारों की खरीदारी, उपहार, दैनिक पहनावे तथा आधुनिक डिज़ाइन शामिल रहे। इसमें पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक सौंदर्यशास्त्र का सुंदर संयोजन देखने को मिला, जो बदलती ग्राहक पसंद के अनुरूप था। मलाबार समूह के चेयरमैन एम. पी. अहमद के अनुसार - छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है, जहाँ ग्राहकों की आकांक्षाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यहाँ भी आभूषण खरीद में भरोसे तथा पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जा रही थी। बिलासपुर शोरूम के शुभारंभ के साथ हमने राज्य में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया तथा ग्राहकों को बेहतर विकल्प और गुणवत्ता, निष्पक्षता एवं दीर्घकालिक मूल्य पर आधारित एक समान और सहज रिटेल अनुभव प्रदान किया। इस नए शोरूम के साथ, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने भारत भर में अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार जारी रखा और ग्राहक-केंद्रित फॉर्मेट्स व समान सेवा मानकों के माध्यम से स्थानीय समुदायों से जुड़ाव बनाए रखा।

### गोंदिया एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिए होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर।** आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग गोंदिया-दरभंगा मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन गोंदिया एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिये की जा रही है । यह गाड़ी गोंदिया से गाड़ी संख्या 08861 नंम्बर के साथ दिनांक 02 मार्च, 2026 को तथा पटना से गाड़ी संख्या 08862 नम्बर के साथ दिनांक 03 मार्च, 2026 को चलेगी । इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 04 सामान्य, 08 स्लीपर, 03 एसी थ्री, 01 एसी टू सहित कुल 18 कोच रहेगी ।

### सहकारी समिति के मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 24 तक

**बिलासपुर।** म.प्र. शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित बिलासपुर की मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 24 फरवरी तक समिति कार्यालय में श्री आरपी वर्मा के समक्ष एवं कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग में लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्तियों का निराकरण कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 25 फरवरी को सवेरे 11 बजे किया जाएगा।

### कथित रिश्वत प्रकरण में दो पुलिस कर्मी निलंबित, टीआई को नोटिस

**बिलासपुर।** कोटा थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। गांजा बिक्री के संदेह में पकड़े गए एक नाबालिग को कथित रूप से पैसे लेकर छोड़ने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम को पुलिस टीम ने रानीसागर इलाके में दबिश देकर एक नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया। इसी दौरान आरोप है कि परिजनों से नाबालिग को छोड़ने के एवज में बड़ी रकम की मांग की गई, जो बाद में कम होकर 80 हजार रुपये पर तय हुई। बताया जा रहा है कि परिजनों ने किसी तरह पैसे की व्यवस्था कर पुलिसकर्मियों को सौंपे, जिसके बाद नाबालिग को छोड़ दिया गया। यह लेन-देन कथित तौर पर कोटा क्षेत्र के एक दुकान परिसर में हुआ।

# जनदर्शन में कलेक्टर अग्रवाल ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। नगर निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे और सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों ने कलेक्टर से मिलकर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जनदर्शन में आज बोदरी तहसील के ग्राम बोडसरा के छात्र दीपेश कुमार ने राजस्व रिकॉर्ड में हुई त्रुटि को लेकर कलेक्टर से सुधार की मांग की है। आवेदक का कहना है कि पुराने मिसल रिकॉर्ड में नाम की गलती के कारण उसका जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, जिससे उसकी आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। त्रुटि के कारण राजस्व रिकॉर्ड से जुड़े आवश्यक दस्तावेज नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उसे शैक्षणिक और अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने मामले को एसडीओ बिल्हा को सौंपा। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने शासकीय तालाब के आने जाने के निस्तारी रास्ते पर सुखराम यादव द्वारा किये गये अवैध निर्माण कार्य को हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम तेंदुवा के सुखराम यादव द्वारा निस्तारी रास्ते पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कर लिया गया है। जिससे ग्रामीणों को तालाब आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने एसडीएम को उक्त प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। नहरपारा लिटिया के कैलाश प्रसाद साहू ने कलेक्टर से मुलाकात कर किसान सम्मान निधि की राशि प्रदान करने गुहार लगाई। मामले को उप संचालक कृषि देखेंगे। शहर के वार्ड क्रमांक 36 बसंत भाई पटेल नगर के



वासियों ने वार्ड में सीसी रोड, नाली, बिजली पोल एवं पानी पाईप लाईन लगाने की मांग की है। वार्ड वासियों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि कच्चे सड़क की वजह से पानी भराव एवं गदंगी की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे स्कूली बच्चों सहित आमजनों को भी काफी परेशानियां होती है। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को इस पर आवश्यक कार्यवाही करने कहा। सकरी तहसील के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कोपरा में तालाब निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र में तालाब निर्माण के लिए खसरा नंबर 81 और 82 की जमीन ग्राम सभा से स्वीकृत है। कुछ लोगों ने इस प्रस्तावित जमीन पर खेत बनाना शुरू कर दिया है और ट्रैक्टर से लगातार जुताई का काम जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले सरपंच द्वारा इस कार्य को रुकवाया गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से उसी जमीन पर खेती शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित लोगों द्वारा किए जा रहे कब्जे और खेती के कार्य को तुरंत रोका जाए तथा प्रस्तावित तालाब की जमीन को सुरक्षित रखा जाए। कलेक्टर ने एसडीओ तखतपुर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनदर्शन में राजस्व अभिलेखों में नाम सुधार, पुराने मिसल अभिलेख में त्रुटि संशोधन तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। कुछ आवेदकों ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, किसान सम्मान निधि नहीं मिलने तथा बैंक एवं वित्तीय संस्था से संबंधित बकाया भुगतान की समस्याएं भी रखीं। इसके अलावा दुकान का जप्त सामान या राशि वापस दिलाने एवं आवास ऋण से जुड़ी शिकायतें भी प्राप्त हुई।

# शासकीय स्कूल टेकर को सिद्धा फाउंडेशन ने दिये छह पंखे भेंट..

### परीक्षा को सदैव तनाव मुक्त देवें- श्री करियारे

**बिलासपुर।** शासकीय हाई स्कूल टेकर को सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा के द्वारा विद्यालय को 6 पंखे भेंट किए गए। इस अवसर पर राम गोपाल करियारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर मुख्य अतिथि के रूप में बतौर उपस्थित रहे। इन्होंने अपने उद्बोधन में कहा जीवन की हरेक घटना में किसी-न-किसी रूप से आपको लाभ ही होता है। परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से होने वाले लाभ के बारे में ही सदैव सोचिए। अर्थात भूतकाल में की हुई ग़लतियों का पश्चाताप न करें तथा भविष्य की चिन्ता न करें। वर्तमान को सफल बनाने के लिये पूरा ध्यान परीक्षा में दीजिये। आज का ही दिन आपके हाथ में है। आज आप रचनात्मक



कार्य करेंगे तो कल की ग़लतियाँ मिट जायेंगी और भविष्य में अवश्य लाभ होगा। शिक्षा जगत के प्रसिद्ध राम दत्त गौरहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आपने बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए तनाव न लेने व पढ़ाई का आनंद लेने को कहा। उन्होंने बच्चों को याद रखने की युक्तियां बताई व शुभकामनाएं भी दी। हाई स्कूल टेकर प्राचार्य श्रीमती नसीम बेगम ने सभी अभ्यागतों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा, सदस्य श्रीमती श्वेता सिंह, श्रीमती रमैया मैडम ,शिक्षा जगत के राम दत्त गौरहा, प्रधान पाठक आशुतोष तिवारी, व्याख्याता अर्जुन सोनवानी, श्रीमती रेवती शर्मा, श्रीमती आशा पटेल, राम कश्यप, अरविंद गिरी गोसाई तथा मिडिल और हाई स्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सिरगिट्टी स्थित नर्मदा ड्रिंक्स फैक्ट्री पर आयकर का छापा

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में आयकर विभाग ने सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नर्मदा ड्रिंक्स प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री पर तड़के छापामार कार्रवाई की। यह कंपनी ष्टशष्ड्ड-ष्टशद्यड्ड ब्रांड के पेय पदार्थों का निर्माण करती है। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और संभावित टैक्स चोरी से जुड़े इनपुट के आधार पर की गई बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी का हेड ऑफिस दिल्ली में स्थित है। प्रदीप अग्रवाल इसके मालिक बताए जा रहे हैं, जबकि बिलासपुर इकाई का संचालन नवनीत अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। आयकर विभाग की टीम ने फैक्ट्री परिसर में दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है और संबंधित अधिकारियों से पूछताछ जारी है।




जानकारी यह भी मिल रही है कि कंपनी से जुड़े देशभर के अन्य ठिकानों पर भी एक साथ कार्रवाई की जा रही है। रायपुर डिपो के अलावा उदयपुर बेवरेज (जबलपुर) और सुपीरियर ड्रिंक्स (नागपुर) में भी आयकर टीम की जांच चल रही है। फिलहाल फैक्ट्री के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और किसी को भी अंदर-बाहर आने की अनुमति सीमित कर दी गई है। आयकर अधिकारी आय, निवेश और लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल कर रहे हैं। विभाग की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है।

# अटल बिहारी वाजपेयी विवि में सांस्कृतिक मूल्य एवं हिन्दी साहित्य पर विमर्श किया....

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं पीएम-ऊषा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय शिक्षण विभागमें सांस्कृतिक मूल्यों एवं हिन्दी साहित्य विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा, सम्मान समारोह एवं भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति और सृजनशीलता पर गंभीर विमर्श हुआ। विशेष सत्र में साहित्य सृजन एवं साहित्यिक योगदान के लिए प्रदेश की प्रतिष्ठित विभूतियों को सम्मानित किया गया। कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी एवं मुख्य अतिथि शशांक शर्मा ने डॉ. विनय कुमार पाठक (वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग), डॉ. अजय पाठक (प्रतिष्ठित साहित्यकार), द्वारिका प्रसाद अग्रवाल (वरिष्ठ साहित्य सेवी) तथा सतीश जायसवाल (सुप्रसिद्ध कथाकार एवं साहित्यकार) को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि शशांक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य सृजन समाज को सही दिशा प्रदान करता है और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में



हिन्दी विभाग की स्थापना को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य वाजपेयी ने आयोजन को विश्वविद्यालय के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। भव्य कवि सम्मेलन में देश के ख्यात रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना (गाजियाबाद), डॉ. सोनरूपा विशाल (बदायूँ), बलराम श्रीवास्तव (मैनपुरी), आचार्य देवेन्द्र देव एवं हिमांशु श्रोत्रिय (बरेली) की ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभागार में साहित्यिक वातावरण को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक यशवंत कुमार पटेल एवं सचिव गौरव साहू ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. तारणिश गौतम सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी और नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# संस्कृति विभाग द्वारा रायगढ़ घराने के स्तंभ पं. फ़िरतु महाराज की स्मृति में शास्त्रीय नृत्य संगीत समारोह

**बिलासपुर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित दो दिवसीय भव्य शास्त्रीय नृत्य व संगीत समारोह का आयोजन 21 और 22 फरवरी को देवकीनंदन दीक्षित सभागार में किया जाएगा। संस्कृति विभाग के सहयोग से कला विकास केंद्र द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से होगा। यह आयोजन रायगढ़ घराने के स्तंभ एवं प्रख्यात नृत्याचार्य पंडित फ़िरतु महाराज जी की पावन स्मृति में समर्पित है। समारोह का उद्देश्य रायगढ़ घराने की गौरवशाली सांगीतिक एवं नृत्य परंपरा को जन-जन तक पहुँचाना है। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्यांगना और कला विकास केंद्र की अध्यक्ष श्रीमती वासंती वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय कला से जोड़ना व वरिष्ठ एवं नवोदित कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करना है। दो दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में देश के प्रतिष्ठित शास्त्रीय गायक, वादक और नृत्य कलाकार अपनी उच्चकोटि की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को सुर, ताल, लय और भाव की अद्भुत अनुभूति कराएँगे। उल्लेखनीय है कि पंडित फ़िरतु महाराज जी ने अपने जीवन को कला-साधना को समर्पित करते हुए रायगढ़ घराने की विशिष्ट शैली को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाया। उनके संरक्षण और मार्गदर्शन में अनेक शिष्यों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की। उनका योगदान केवल मंचीय प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत रखते हुए कला के संस्कारों को नई पीढ़ी में स्थापित किया। समारोह के दौरान शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की विविध विधाओं की प्रस्तुतियाँ होंगी, जिनमें पारंपरिक बंदिशें, राग-रागिनियों की सुमधुर प्रस्तुति तथा भावप्रधान नृत्यांजलि विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन स्थल को सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप सजाया जाएगा, जिससे श्रोताओं को एक सजीव और सौंदर्यपूर्ण वातावरण में कला का आनंद मिल सके।आयोजक मंडल द्वारा शहरवासियों, कला-प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस गरिमामय आयोजन को सफल बनाएँ और भारतीय शास्त्रीय कला की इस विरासत को आगे बढ़ाने में सहभागी बनें।

### सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिको की समस्याएं

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जिसमें आमजनों ने विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत कीं। जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया गया तथा उनके शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।

# रायपुर मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदों के साथ महाप्रबंधक व रेल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुआ

- बृजमोहन अग्रवाल,सांसद रायपुर की अध्यक्षता मे हुई बैठक
- यात्री सुविधाओं तथा रेल विकास से संबन्धित कार्यों पर बैठक में हुई चर्चा

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के माननीय सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश के साथ आज दिनांक 17 फरवरी, 2026 को आयोजित की गई । मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित यह बैठक सौहार्दपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में श्री बृजमोहन अग्रवाल माननीय सांसद रायपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । इस बैठक में श्री बृजमोहन अग्रवाल माननीय सांसद लोकसभा, रायपुर के अलावा श्री भोजराज नाग जी - माननीय सांसद- कांकेर लोकसभा, श्री महेश कश्यप जी - माननीय सांसद-बस्तर लोकसभा , श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी - माननीया सांसद-महासमुन्द लोकसभा, सहित श्री अरुण सिंह चौहान सांसद प्रतिनिधि (श्री तोखन साहू जी - राज्यमंत्री / आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार), श्री निलेश देशमुख सांसद प्रतिनिधि (श्री विजय बघेल सांसद / दुर्ग लोकसभा), सद्दाम सोलंकी सांसद प्रतिनिधि (श्रीमती फूलोदेवी नेताम जी- माननीया सांसद/ राज्यसभा), श्री जसकरण सांसद प्रतिनिधि (श्रीमती रंजीत रंजन जी - माननीया सांसद/राज्य सभा) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक




श्री तरुण प्रकाश मंडल रेल प्रबंधक रायपुर श्री दयानंद, मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित रहे बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्री तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को और बेहतर करने में मिलेगा । बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल मे ट्रेनों के ठहराव, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चल रहे विकासात्मक कार्य, छत्तीसगढ़ को मिली नई ट्रेनों सहित माननीय सांसदों द्वारा दिए गए एजेंडों पर विचार विमर्श किया गया। यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों, यात्री सुविधाओं,आधारभूत संरचना का विकास, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन, यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रणाली को अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन आदि की विस्तृत जानकारी साझा की गई । माननीय सांसदों द्वारा मंडल में हो रहे विकास कार्यों, उपलब्ध यात्री सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा अपने क्षेत्र से संबन्धित विभिन्न जन सरोकारों से संबन्धित मुद्दों के माध्यम से स्थानीय स्तर की समस्याओं तथा जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं के अनुरूप विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधा का विस्तार करने की आवश्कताओं से अवगत कराया तथा ट्रेनों के ठहराव, नई रेल सेवाओं पर सुझाव दिए। साथ ही बैठक में विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधाओं तथा रेलवे विकास से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई । महाप्रबंधक ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं से रेल प्रशासन को अवगत कराने एवं विकासात्मक सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया ।



# क्या है हार्मोनल इम्बैलेंस इसके लक्षण और बचाव

**हार्मोन्स के संतुलन में थोड़ी सी भी गड़बड़ी का असर फौरन हमारी भूख, नींद और तनाव के स्तर पर दिखने लगता है। असंतुलन से अर्थ है कि शरीर में या तो कोई हार्मोन ज्यादा बनता है या फिर बहुत कम। इसे समय रहते ठीक करना जरूरी है। हमारे शरीर में कार्टिसोल नामक एक स्ट्रेस हार्मोन होता है, जो हमें किसी खतरे की स्थिति में बचने के संकेत देता है। इसी हार्मोन की वजह से दिल की धड़कन, रक्तचाप और रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।**

एक ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने मोबाइल फोन के इस्तेमाल से कार्टिसोल के बढ़ते स्तर पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे दिमाग के प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स प्रभावित होते हैं, जिससे निर्णय लेने और तार्किक क्षमता पर असर पड़ता है। अब तक यही समझा जाता रहा है कि हार्मोन्स के असंतुलन की वजह से मूड में उतार-चढ़ाव, सूजन, मेनोपॉज, नपुंसकता, छोटा कद, दुबलापन, मेटाबॉलिज्म में असंतुलन और मुंहासे आदि समस्याएं होती हैं। पर, वास्तव में हार्मोन्स सभी शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियों को नियंत्रित करने का कार्य करते हैं।

## क्या होते हैं हार्मोन्स

हार्मोन्स एंडोक्राइन ग्रंथि से बनने वाले ऐसे रसायन होते हैं, जो खून के जरिए शरीर के अन्य हिस्सों में पहुंच कर उन्हें अलग-अलग कार्यों के लिए एक संदेशवाहक के रूप में निर्देश देते हैं। हार्मोन्स की छोटी सी मात्रा के घटने-बढ़ने भर से ही शरीर की कोशिकाओं का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होने लगता है। मानव शरीर में कुल 230 हार्मोन्स होते हैं। कई हार्मोन, दूसरे हार्मोन्स के निर्माण और स्राव को भी काबू रखते हैं। उम्र, तनाव की अधिकता, अस्वस्थ जीवनशैली, स्टेरॉएड दवाओं का अधिक सेवन, ज्यादा वजन या कुछखास दवाओं के कारण हार्मोन्स के स्तर में गड़बड़ी हो सकती है।

## हार्मोन डालते हैं यह असर


**महिलाओं पर असर :** महिलाओं की शारीरिक संरचना जटिल होती है। शोध कहते हैं कि करीब 50 फीसदी महिलाओं में हार्मोन्स के असंतुलन का असर उनके जीवन पर पड़ता है। माहवारी की शुरुआत, गर्भावस्था व मेनोपॉज की स्थिति में हार्मोन के असंतुलन से कई समस्याएं हो सकती हैं।

**पुरुषों पर असर :** पुरुषों में हार्मोन्स के असंतुलन से तनाव, चिड़चिड़ापन, यौन इच्छा में कमी, नपुंसकता, दाढ़ी या मूंछ के बालों का कम या ज्यादा उगना, सुस्ती आदि समस्याएं देखी जाती हैं।

**बच्चों पर असर :** अकारण मोटापा, शरीर का असंतुलित विकास होना। हार्मोन्स की कमी से किशोरियों में पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम देखने को मिलता है। किशोरों में टेस्टिकल्स का विकास पूरी तरह नहीं हो पाता।

## असंतुलन के लक्षण

- अकारण वजन बढ़ना, कमर पर चर्बी बढ़ना।
- हर समय थकान महसूस करना।
- नींद न आना या बिलकुल नींद न आना।
- गैस, कब्ज और बदहजमी होना।
- तनाव, चिंता और चिड़चिड़ापन का बढ़ना।
- बहुत पसीना आना, सेक्स की इच्छा में कमी।
- बालों का झड़ना, असमय सफेद होना तथा दाढ़ी घनी ना आना इत्यादि।
- ज्यादा प्यास लगना, ज्यादा ठंड या गर्मी लगना।



# चमकीले टैटू से एलर्जी का खतरा ज्यादा



आजकल टैटू बनवाने का चलन काफी जोरों पर हैं। हर कोई आकर्षक दिखने के लिए तरह-तरह की डिजाइन के टैटू अपने हाथ, गर्दन व शरीर के अन्य हिस्सों पर बनवा रहा है। लेकिन ये टैटू त्वचा पर बनने के बाद केवल एक स्याही नहीं रह जाते, बल्कि यह आपकी त्वचा में एलर्जी पैदा कर देते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, चमकीले रंग के टैटू आपके लिम्फ नोड्स (शरीर में मौजूद प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा) में भारी धातुओं का रिसाव कर सकते हैं और आपके शरीर में अपनी स्याही से एलर्जी कर सकते हैं। एक नए अध्ययन में पता चला है कि टैटू बनाने वाली सुई से छोटी-छोटी धातुओं के कण आपकी त्वचा में प्रवेश करते हैं और लिम्फ नोड में संचरित होने लगते हैं। इससे एलर्जी की समस्या पैदा होती है।

## लिम्फ नोड में मिले धातुओं के छोटे कण

फ्रांस के ग्रेनोबल में यूरोपियन सिंक्रोट्रॉन रेडिएशन फेसिलिटी के वैज्ञानिकों ने टैटू बनवाने वाले लोगों के लिम्फ नोड में निकल और क्रोमियम धातुएं पाईं। ये धातुएं एलर्जी पैदा करने वाली होती हैं। जब टैटू बनाने के लिए एक रंगीन पदार्थ का इस्तेमाल किया जाता है तो टैटू की सुई से ये धातुएं बहने लगती हैं। सफेद रंग की स्याही को टाइटेनियम डाइऑक्साइड कहा जाता है और इसे अक्सर नीले, हरे व लाल जैसे चमकीले रंगों में मिलाया जाता है। अमेरिका में टैटू बनवाने का चलन काफी तेजी से लोकप्रिय हुआ है। खासतौर पर किशोरों और युवाओं में इसकी काफी दीवानगी है। एक सर्वे में पाया कि 18 से 29 साल की उम्र के 40 फीसदी लोगों ने कम-से-कम एक टैटू तो बनवाया ही हुआ है।

## सुई के जरिए अंदर पहुंचते हैं धातुओं के कण

ईएसआरएफ के वैज्ञानिक इनेस श्राइवर ने कहा कि आयरन, क्रोमियम, निकल और स्याही के रंग के बीच संबंध ढूंढ़ने के लिए हम पिछले अध्ययनों की जांच कर रहे थे। कई मानव ऊतक नमूनों का अध्ययन करने और धात्विक तत्वों को खोजने के बाद हमने यह महसूस किया कि यहां जरूर कुछ और मामला है। तब हमने सुई की जांच की जिसमें पता चला कि टैटू बनाने वाली सुई से छोटी-छोटी धातुओं के कण त्वचा में प्रवेश करते हैं और लिम्फ नोड में संचरित होने लगते हैं जिससे एलर्जी पैदा होती है। यह अध्ययन जर्नल पार्टिकल एंड फाइबर टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।



# चेहरे की झुर्रियों से ऐसे पाएं छुटकारा अपनाएं ये घरेलू उपाय

**बढ़ती उम्र के साथ चेहरे की पर झुर्रियां आना आम बात है। उम्र के साथ-साथ चेहरे की रंगत भी फीकी पडने लगती है। चेहरे की झुर्रियों से इंसान की उम्र साफ झलकती है। अगर आपकी भी उम्र बढने के साथ-साथ चेहरे पर झुर्रियां पडने लग है और आप इससे छुटकारा पाना चाहती है तो आज हम आपको कुछ घरेलू उपाय बताने जा रहे है जिसे अपनाने के बाद आपका चेहरा खिलने लगेगा। आइए जानते है। अगर आप चेहरे से झुर्रियों को हटाना चाहती हैं तो आप अनार के छिलकों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको बता दें इसके छिलके से आपको झुर्रियां नहीं होंगी और आप अपनी उम्र से कहीं अधिक यंग दिखाई देंगी।**

## अनार के छिलके असरदार.

दरअसल, अनार के छिलकों में एन्टीमाइक्रोबायल और एन्टीऑक्सिडेंट गुण होता है जो स्किन इंफेक्शन में असरदार रूप से काम करता है। इसका एन्टीऑक्सिडेंट क्वालिटी त्वचा के लिए अस्ट्रिजेन्ट जैसा काम करता है। ये त्वचा के पोरों को और त्वचा को टाइट करके बढ़ते उम्र के लक्षणों को दिखने नहीं देता है। स्टडी के अनुसार अनार का छिलका स्किन को रिपेयर करने और चर्मी को रिजनरेट करने में मदद करता है।

## ऐसे करें इस्तेमाल.

अनार के छिलके को सूखाकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप हवाबंद जार में स्टोर करके रख भी सकते हैं। ताकि कभी भी आप फेस मास्क, स्कर्ब, फेस पैक के लिए इसका इस्तेमाल कर सके। आप छिलके को फ्रेश क्रश करके भी फेस पैक बना सकते हैं। इसके अलावा आप अनार के छिलके के पाउडर में गुलाब का जल डालकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को भी चेहरे और गर्दन पर लगाकर सूखने के बाद गुनगुने गर्म से धो लें। अगर जरूरत महसूस हो तो मॉश्चराइजर लगा लें। अनार के छिलके को ग्रेट करके क्रश कर लें। 1 बड़ा चम्मच क्रश किया हुआ छिलके का पाउडर लें और उसमें 2 बड़े चम्मच मलाई या क्रीम, 1 बड़ा चम्मच बेसन मिलाएं। सबको अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15-20 मिनट तक रखें। उसके बाद गुनगुने गर्म पानी से धो लें।





# कोलेस्ट्रॉल और मोटापे को रोकने में फायदेमंद रेड वाइन

शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग रेड वाइन का सेवन करते हैं उनकी आंत में माइक्रोबायोटा की विविधता बढ़ जाती है और इसके साथ ही खराब कोलेस्ट्रॉल और मोटापे के स्तर में भी कमी आती है।

संतुलित मात्रा में रेड वाइन के सेवन का संबंध आंतों की माइक्रोबायोटा की विविधता और स्वास्थ्य से जुड़ी है जो आंशिक रूप से स्वास्थ्य पर इसके लंबे समय तक चलने वाले लाभदायक प्रभावों की व्याख्या करती है।' 'आंत में खराब जीवाणुओं की तुलना में अच्छे जीवाणुओं के असंतुलन से कई सारी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है जैसे कि रोध-प्रतिरोधक क्षमता में कमी, वजन का बढना या हाई कोलेस्ट्रॉल।

एक व्यक्ति की आंत के माइक्रोबायोम में बैक्टीरिया के विभिन्न प्रजातियों की उच्च संख्या को स्वस्थ आंत का प्रतीक माना जाता है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं की एक टीम ने आंत के माइक्रोबायोम पर बीयर, साइडर, रेड वाइन, व्हाइट वाइन और स्पिरिस्ट के प्रभावों का पता लगाया। उन्होंने पाया कि जो लोग रेड वाइन का सेवन नहीं करते हैं उनकी तुलना में रेड वाइन का सेवन करने वालों की आंत में माइक्रोबायोम अधिक विविध है। शोधकर्ताओं ने पाया कि रेड वाइन पीने वालों की आंत के माइक्रोबायोटा में जीवाणुओं के विभिन्न प्रजातियों की एक बड़ी संख्या थी। उनके मुताबिक, ऐसा शायद रेड वाइन में अधिक मात्रा में मौजूद पॉलीफिनोल्स की वजह से हो सकता है। पॉलीफिनोल्स एक ऐसा केमिकल है जो स्वाभाविक रूप से कई फलों और सब्जियों में पाई जाती है। इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स सहित कई सारे लाभदायक तत्व होते हैं और यह हमारी आंत में मौजूद माइक्रोब्स के लिए ईंधन के रूप में काम करती है।



# आपकी खूबसूरती बिगाड सकते है ये घरेलू नुस्खे ऐसे नहीं करें इस्तेमाल

महिलाओं की खूबसूरत दिखना पहली पसंद होती है। बहुत सी महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप का सहारा लेती है जिनमें कई घरेलू नुस्खे भी शामिल हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कभी-कभार ये घरेलू नुस्खे आपके चेहरे को निखार देने की बजाय निखार भी छीन सकते हैं। जी हां, ये सच है। आज हम आपको उन्हीं नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका इस्तेमाल संभलकर किया जाना चाहिए। इन नुस्खों के बारे में आइए जानते हैं।

गर्म पानी- ज्यादातर महिलाएं चेहरे को धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करती है। लेकिन आपको बता दे, ऐसा करना बिल्कुल भी सही नहीं है। चेहरे को धोने के लिए आप कभी गर्म पानी का इस्तेमाल ना करें। गर्म पानी आपके स्किन सेल्स को नुकसान पहुंचाकर चेहरे का नेचुरल मॉइश्चराइजर खत्म करता है और इसे डल बनाता है। कई बार इसकी वजह से चेहरे पर सफेद निशान भी नजर आने लगते हैं। हमेशा नॉर्मल या गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

नींबू- नींबू का चेहरे पर सीधे तौर पर इस्तेमाल ना करें। इसमें मौजूद ब्लीचिंग प्रोपर्टी चेहरे को रूखा बना सकती है। हमेशा इसे पानी के साथ मिलाकर ही यूज करें। साथ ही, इसे इस्तेमाल करने के बाद कभी भी धूप में निकलने की गलती ना करें। इससे आपको रैशेज की समस्या हो सकती है।

# छत्तीसगढ़ के नन्हे स्केटर्स ने पुणे में गाड़े झंडे, नेशनल गेम्स में जीता तीसरा स्थान






**भिलाई।** पुणे में आयोजित 'एंडूरियस स्केटिंग नेशनल गेम्स' में छत्तीसगढ़ के बच्चों ने अपनी रफ्तार और संतुलन का लोहा मनवाते हुए प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। 22 सदस्यीय टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ ने नेशनल चैंपियनशिप में ओवरऑल तीसरा स्थान हासिल किया है।

**पदकों की बौछार, भिलाई के सितारों का जलवा-** प्रतियोगिता में विशेष रूप से भिलाई के बच्चों ने पदकों की झड़ी लगा दी। विभिन्न आयु वर्गों में बच्चों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दियाः अंडर-6ः अबीर माखीजा ने 2 गोल्ड और सिया ने 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता।अंडर-9ः अगस्त्य कुटेल ने शानदार खेल दिखाते हुए 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंडर-14ः खुशी चानपुरिया ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज जीता। वहीं आकाश ने 1 गोल्ड व 2 ब्रॉन्ज, देवांश विश्वकर्मा ने 1 सिल्वर व 2 ब्रॉन्ज और वाहिनीत कौर ने 2 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए।

**अब मालदीव में दिखाएंगे दम-**नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन इंटरनेशनल गेम्स के लिए हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी जून माह में मालदीव में आयोजित की जाएगी। बच्चों की इस सफलता पर खेल प्रेमियों और परिजनों में हर्ष की लहर है। प्रशिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने बच्चों को बधाई दी है।

# कलेक्ट्रेट बार चुनावः शशिकांत सिंह यादव अध्यक्ष और सुशील दुबे बने महासचिव



**गाजीपुर।** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन गाजीपुर के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कांटे की टक्कर के बीच शशिकांत सिंह यादव ने अध्यक्ष पद पर और सुशील दुबे ने महासचिव पद पर जीत दर्ज की। निर्वाचन अधिकारियों ने देर शाम परिणामों की आधिकारिक घोषणा की।

**अध्यक्ष पद पर रही कड़ी टक्कर**-मिली जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए शशिकांत सिंह यादव को 107 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी भुवनेश्वर सिंह कुशवाहा को 98 मत मिले। शशिकांत ने 9 मतों के अंतर से जीत हासिल की। कुल 220 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**अन्य पदों के परिणाम-** महासचिवः सुशील दुबे ने 107 मत पाकर जीत दर्ज की। मनीष कुमार पाण्डेय को 65 और रामअवध राम को 32 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्षः कृष्ण मुरारी राय (110 मत) विजयी रहे। मोहम्मद वसीम सिद्दीकी (68) और समीक्षा प्रसाद (25) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।कनिष्ठ उपाध्यक्षः रवींद्र नाथ शर्मा 94 मत पाकर विजयी हुए। अखिलेश कुमार यादव (82) दूसरे और लव कुमार राय (75) तीसरे स्थान पर रहे।कोषाध्यक्षः मदन सिंह कुशवाहा ने 104 मतों के साथ जीत हासिल की, जबकि शम्भू राम 100 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। सह सचिवः प्रशासन पद पर रामबिलास (107 मत), प्रकाशन पद पर शोभनाथ सिंह यादव (105 मत) और पुस्तकालय पद पर रमेश सिंह यादव (127 मत) विजयी घोषित किए गए। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में निर्वाचन अधिकारी दशरथ सिंह यादव, सह-निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र नाथ सिंह और परितोष तिवारी की मुख्य भूमिका रही।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

**ओपीडी में कर्मचारी एवं डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की**

**- चिकित्सालय के मेस में नाश्ता और दाल का स्वाद चखा**

**- मेनू अनुसार मरीजों को नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराने के दिये निर्देश**



**दुर्ग।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज जिला चिकित्सालय दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय ओपीडी में कर्मचारी और डॉक्टर अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन को ओपीडी प्रारंभ होने के पूर्व कर्मचारी एवं डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं आभा आईडी की जानकारी ली। शिकायत के आधार पर ई.सी.जी. मशीन संचालन हेतु ऑपरेटर की ड्यूटी, नाम एवं मोबाईल नंबर एवं समय उल्लेखित करने निर्देशित किये। कलेक्टर ने सिकलसेल प्रबंधन कक्ष में सिकलिंग पहचान की जानकारी ली। उन्होंने चिन्हांकित लोगों का ऑनलाईन एंट्री कराने तथा पेसेंट के ओपीडी पर्ची में आभा आईडी अद्यतन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि अंकित महिला स्व. सहायता समूह द्वारा उक्त व्यवस्था संचालित की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने यहां पर पेसेंट के लिए तैयार नाश्ता, दाल एवं भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने समूह के सदस्यों को निर्धारित मेनू के आधार पर चिकित्सालय में भर्ती पेसेंट को समय पर नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बाते कहीं। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के जन औषधि केन्द्र में उपलब्ध दवाइयों और विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से रू-ब-रू चर्चा कर उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली।

# भिलाई के सेवा मॉडल में नया अध्यायः विधायक रिकेश सेन ने शुरू की एक रुपये में डायलिसिस और सोनोग्राफी सेवा



**भिलाई नगर ।** जनसेवा और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा के निवासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी सौगात दी है। भिलाई के जीरो रोड, शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में अब मात्र 1 रुपये में डायलिसिस और सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध होगी। विधायक रिकेश सेन ने रविवार को इस नई सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर इलाज के भारी बोझ को कम करना है। आपको बता दें कि वैशाली नगर विधायक कार्यालय अब एक जन-सुविधा केंद्र के साथ-साथ 'हेल्थ हब' के रूप में भी उभर रहा है। नई सेवाओं की रूपरेखा निम्न अनुसार है:मुख्य सेवाएं : मात्र 1 रुपये में डायलिसिस और 1 रुपये में सोनोग्राफी ।समय : प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक ।अवकाश : शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर यह सेवाएं नियमित रहेंगी। एक ही छत के नीचे मिल रही हैं कई सुविधाएं-उल्लेखनीय है कि विधायक कार्यालय में पहले से ही कई जनकल्याणकारी प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। अब स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ यहाँ ?फ्री ब्लड टेस्ट मरीजों के लिए 31 तरह की जांच पूर्णतः निःशुल्क है। एक रूपये में एक्स-रे, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 1 रूपये किराये पर हेल्मेट सुविधा, जरूरतमंदों के लिए राम रसोई में भोजन की व्यवस्था, गरीब और असहाय लोगों के लिए कंबल बैंक के साथ ही आज से डायलिसिस और गर्भवती महिलाओं के लिए 1 रूपये में सोनोग्राफी सेवा भी शुरू हो गई है। शुभारंभ अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हमारा लक्ष्य राजनीति के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना है। महाशिवरात्रि के शुभ दिन से शुरू की गई 1 वाली डायलिसिस और सोनोग्राफी सेवा से उन मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी जो आर्थिक तंगी के कारण अपना इलाज नहीं करा पाते थे। इस शुभारंभ कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस मानवीय पहल की सराहना की।

# शिवनाथ तट पर गूंजा हर-हर महादेव, महापौर,सभापति व प्रभारी ने किया भव्य रुद्राभिषेक, बर्फकी सिल्ली से बना आकर्षक शिवलिंग

**महापौर व जनप्रतिनिधियों ने शहर की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की**



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम। महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शिवनाथ नदी के तट पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा भव्य रुद्राभिषेक एवं आरती का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार एवं सतीश बाघमार , सभापति श्याम शर्मा तथा सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका संभव जैन के साथ भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक किया और शहर की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। आयोजित कार्यक्रम में शहर महापौर अलका बाघमार,सभापति श्याम शर्मा,सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका संभव जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर शिवनाथ नदी की आरती कर नगर एवं प्रदेश में शांति, सद्भाव और खुशहाली की कामना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवनाथ तट पर बर्फकी सिल्ली से आकर्षक शिवलिंग का विशेष निर्माण कराया गया, इसके अलावा मिट्टी से महाकाल बाबा की प्रतिकृति बनाकर रुद्राभिषेक किया गया जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका संभव जैन ने इस विशेष शिवलिंग का पूजन कर शहर के मंगल, विकास और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# हत्या के प्रयास के प्रकरण में एक आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग।** धारदार हथियार से गर्दन पर प्राणघातक वार कर युवती को किया घायल। घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। 15.02.2026 को सायं लगभग 05:00 बजे प्रार्थिया बैकुंठधाम मंदिर से पूजा कर अपने घर लौट रही थी। इंदिरा चौक के पास, गली अंदर स्टेशन मरोदा क्षेत्र में आरोपी द्वारा रास्ता रोककर बातचीत करने का प्रयास किया गया। प्रार्थिया के नहीं रुकने पर आरोपी ने पूर्व परिचय एवं पुरानी प्रताड़ना के कारण आक्रोशित होकर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे धारदार हथियार से गर्दन पर प्राणघातक वार किया। बचाव के दौरान प्रार्थिया के दाहिने हाथ की कलाई, दाहिने गाल एवं दाहिनी पसली के पास चोटें आई ।प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना नेवई में अपराध क्रमांक 82/2026 धारा 109 क्क्रहृस् के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को चिन्हित कर दिनांक 16.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय

# देवबलोदा महोत्सव वर्ष 2026ः दो दिवसीय लोकरंगी आयोजन



**भिलाई चरौदा।** नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के तत्वाधान में दो दिवसीय लोकरंगी आयोजन देवबलौदा महोत्सव दिनांक 15 फरवरी 2026 दिन -रविवार एवं दिनांक 16 फरवरी 2026 दिन - सोमवार को रखा गया है । कलचुरी कालीन शिव मंदिर देवबलौदा (बी.एम.वाय) के पवित्र स्थल पर महाशिव रात्रि पर्व के अवसर पर दो दिवसीय मेला एवं लोकरंगी आयोजन रखा गया है । जिसमें प्रथम दिवस 15 फरवरी 2026 दिन रविवार को कार्यक्रम मुख्य अतिथि माननीय श्री विजय बघेल जी सांसद दुर्ग रात्रि 9:00 बजे के आसपास उपस्थित हुए उनकी पत्नी रजनी बघेल साथ में उपस्थित थे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा की देवलौदा महोत्सव से लगाओ आज के नहीं जन्मो जन्मो का है ऐसा लगता है कि भगवान शिव हमारे घर में पधारे हुए हैं देवलोदा नगर निगम भिलाई चरोदा के अंतर्गत एक वार्ड है प्रथम पालिका अध्यक्ष नगर भिलाई चरोदा नगर पालिका वर्तमान में यह निगम में मैं रह चुका हूं भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से हम जनमानस का सेवा करने का अवसर मुझे प्राप्त होते रह रहा है एवं द्वितीय दिवस 16 फरवरी 2026 दिन सोमवार को मुख्य अतिथि माननीय श्री भूपेश बघेल जी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं माननीय राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी विधायक अहिवारा विधानसभा की अध्यक्षता में एवं माननीय महापौर श्री निर्मल कोसरे जी , माननीय सभापति श्री कृष्णा चन्द्राकर जी एवं पार्षद गंन चरोदा भाजपा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर भी उपस्थित थे समस्त नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के आयुक्त डी आर राजपूत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन हुआ ।

# नेवई और मरोदा क्षेत्र में तीन दिन नहीं खुलेगा नल




**शुक्रवार से रविवार तक पेयजल आपूर्ति रहेगी प्रभावित**

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के नेवई क्षेत्र स्थित 32 लाख लीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक का मरम्मत कार्य करने तीन दिनों का शट डाउन लिया जाएगा। शुक्रवार से रविवार तक पेयजल आपूर्ति प्रभावित क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से की जाएगी। सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में लिक होने की वजह से शट डाउन लिया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र में वार्ड 16 बीआरपी कालोनी, वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा, वार्ड 19 विजय चैक स्टेशन मरोदा, वार्ड 20 शंकरपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 21 सूर्या नगर, वार्ड 32 नेवई भाटा, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम शामिल है।

# मूल निवासी संघ का हल्लाबोल, यूजीसी एक्ट और जातिगत जनगणना समेत 4 सूत्रीय मांगों पर अड़ा





**दुर्ग।** प्रदेश स्तरीय आह्वान पर मंगलवार को मूल निवासी संघ ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिंदी भवन के सामने धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी और अनदेखी का आरोप लगाया।

**प्रमुख मांगें और चेतावनी-** संघ की मुख्य मांग देश में यूजीसी एक्ट (त्ष्ट-ष्ह्ल) को प्रभावी ढंग से लागू करने और जातिगत जनगणना कराने को लेकर है। संघ के नेताओं का कहना है कि जातिगत जनगणना के बिना सामाजिक न्याय अधूरा है। धरना स्थल पर मौजूद पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने इन मांगों पर शीघ्र ही कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

**प्रदेशभर में तेज होगा आंदोलन-** धरना शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कार्यकर्ताओं का जोश हाई दिखा। संघ ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यह प्रदर्शन केवल सांकेतिक नहीं है; यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो इसे जिला स्तर से बढ़ाकर पूरे प्रदेश में व्यापक रूप दिया जाएगा।

लोकतंत्र प्रहरी से चर्चा करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि,हम लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार हमारी अनदेखी कर रही है। यूजीसी एक्ट और जातिगत जनगणना हमारा हक है। जब तक सरकार लिखित आश्वासन नहीं देती, हमारा यह संघर्ष जारी रहेगा और आने वाले समय में हम सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

# शारदा विद्यालय, रिसाली की छात्रा देविका सागरवंशी ने सी बीएसई खेल -कूद प्रतियोगिता में रचा स्वर्णिम इतिहास



**रिसाली ।** शारदा विद्यालय, रिसाली की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा देविका सागरवंशी ने वर्ष 2025-26 में क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा आयोजित सी0 बी0 एस0 ई0 खेल कूद फॉर ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करते हुए अपना नाम सी0 बी0 एस0 ई0 नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में दर्ज कराया। अक्टूबर माह में हरियाणा में आयोजित नेशनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में देविका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में सी0 बी0 एस0 ई0 का प्रतिनिधित्व किया। छात्रा ने एस0 जी0 एफ0 आई0 में अपनी साहसिक प्रतिस्पर्धा से अपने प्रतिद्वन्द्रियों को बड़ी चुनौती देते हुए प्रथम भाग में जीत भी हासिल की। अपनी मेहनत से उसने राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम उन प्रतियोगियो में शामिल किया, जिन्होंने सिर्फ कर्मबल और आत्मविश्वास से जीतना सीखा है ।ज्ञात है कि विद्यालय प्रबंधन समिति ने छात्रा को पूर्ण सहयोग प्रदान किया एवं हर कदम पर छात्रा को प्रोत्साहन भी दिया है। उसकी इस अप्रतिम उपलब्धि पर विद्यालय डायरेक्टर संजय ओझा जी ने हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की ।जीवन की सभी प्रतियोगिताओं में सफलता पाने की शुभकामनाओं के साथ विद्यालय मैनेजर ममता ओझा, प्रिंसिपल रूद्रकान्त झा, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस शीष्टि राव, एक्टिविटी इंचार्ज पूजा बब्बर, प्रतीक ओझा ने भी छात्रा का उत्साहवर्धन किया।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com